TNF® TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition

जय शिवाजी, जय भवानी उद्घोष के साथ यात्रा शुरू... (पेज-3)

पृष्ठ- 8 | वर्ष-01 अंक-46 | मूल्य ₹7 | मंगलवार | दिनांक- 18 .08 .2026

## नाबालिगों की तस्करी करने के आरोपित चढ़े पुलिस के हत्थे

- पटियाली पुलिस ने महिला गिरफ्तार किए दो आरोपित
- पूछताछ के बाद आरोपितों को विधिक कार्रवाई के बाद भेजा गया जेल

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

थाना पटियाली पुलिस द्वारा नाबालिगों की तस्करी करने के मामले में महिला सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

कोतवाली पटियाली में पंजीकृत पोस्को एक्ट एवं नाबालिग बच्चियों को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित चले आ रहे दो आरोपितों को पोलिस काफी समय से तलाश रही थी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ओपी सिंह ने टीमें भी गठित की थी आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी पुलिस के रविवार को सफलता मिली मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने।

आरोपित शबनम सलमानी पत्नी नौसाद निवासी मौ इमाम चौक बांस बदनपुरा थाना गलता गेट जनपद जयपुर राजस्थान एवं नौसाद सलमानी पुत्र नौशे सलमानी निवासी मौ. इमाम चौक बांस बदनपुरा थाना गलता गेट जनपद जयपुर राजस्थान को दरियावगंज स्टेशन थाना पटियाली जिला कासगंज से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार दोनों अभियुक्तगण नाबालिग बालिकाओं व महिलाओं को बहला फुसलाकर ले जाते थे तथा अन्य जगहों पर बैचने जैसी घटना कारित करते थे । अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## कोठी मीना बाजार मैदान में बनेगी 50 फीट ऊंची प्रतिमा

### उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार ने किया संयुक्त निरीक्षण, म्यूजियम और लाइट-एंड-साउंड शो से गूंजेगा शिवाजी का शौर्य

टीएनएफ टुडे, आगरा।

17 अगस्त 1666 की वह रात... जब छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी बुद्धि, साहस और अद्भुत योजना क्षमता से औरंगजेब की कैद तोड़ी थी। 359 साल बाद उस ऐतिहासिक स्थल ₹कोठी मीना बाजार₹ को अब भव्य स्मारक के रूप में विकसित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को इस स्थान का संयुक्त निरीक्षण कर स्मारक को मूर्त रूप देने का संकल्प लिया।

दोनों सरकार के प्रतिनिधियों के रूप में पहुंचे महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री व प्रशासनिक अधिकारियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज स्मारक स्थल का भौतिक निरीक्षण करते हुए आगामी कार्य योजना पर चर्चा की। आगरा दक्षिण के विधायक और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि पिछले 5-6 वर्षों से इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के साथ मंथन के बाद यह प्रमाणित हुआ कि औरंगजेब ने शिवाजी को कोठी मीना बाजार में ही कैद किया था। यहीं से अपनी चतुराई से वे पुत्र संभाजी के साथ निकल भागे थे। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्याय की पहल पर योगी सरकार ने इस स्थान को स्मारक के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया और अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू कर दी। मंत्री ने इस तथ्य से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और संस्कृति मंत्री आशीष शेलार को अवगत कराया, जिसके बाद महाराष्ट्र सरकार भी इस पुनीत कार्य में सहभागी बनी।



सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि योगेंद्र उपाध्याय और महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि प्रोटोकॉल मंत्री जयकुमार रावल व कैबिनेट मंत्री भरतशेठ गोगावले ने आगरा प्रशासन के अधिकारियों के साथ कोठी मीना बाजार का निरीक्षण किया। इसके बाद सर्किट हाउस में दोनों प्रदेशों के प्रतिनिधि मंत्रियों एवं अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में स्मारक को ₹भव्य और दिव्य₹ स्वरूप देने पर सहमति बनी। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का ड्रीम प्रोजेक्ट है। दोनों सरकार मिलकर छत्रपति शिवाजी महाराज के स्मारक को भव्य और दिव्या बनाने का संयुक्त प्रयास कर रहीं हैं।

महाराष्ट्र सरकार के प्रोटोकॉल एवं मार्केटिंग मंत्री जयकुमार रावल ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार इस स्मारक में हर संभव सहयोग करेगी। यह स्मारक उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के लोगों के लिए आस्था एवं युवाओं के लिए प्रेरणा स्थल बनेगा। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री भरतशेठ गोगावले ने इसे ₹हिंदू गौरव के पुनर्जागरण₹ की संज्ञा दी। उन्होंने कहा एक ओर इस भव्य स्मारक से भारत के महान सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व से जनता अवगत होगी और प्रेरणा लेगी। वहीं आगरा एक शौर्य पूर्ण इतिहास का पर्यटन स्थल भी बनेगा। पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि ताजमहल के बाद कोठी मीना बाजार स्मारक आगरा का दूसरा सबसे बड़ा पर्यटन केंद्र बनकर उभरेगा और आगरावासियों के लिए समृद्धि के नए द्वार खोलेगा।

सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री जयकुमार रावल, महाराष्ट्र सरकार के मंत्री भारत सेठ गोगावले, महाराष्ट्र टूरिज्म डेवलपमेंट काउंसिल के डायरेक्टर नीलेश गटनी, डा. वात्सल्य उपाध्याय, गरुड़छेप मुहिम के अध्यक्ष मारुति आभा गोले, विजय गोयल, श्याम राव, पार्षद सुनील करमचंदानी, जिलाधिकारी आगरा मनीष बंषल, आगरा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त एवं पर्यटन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**स्मारक में यह होगा खास**

50 फुट से ऊंची छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का अधिष्ठापन। शौर्य म्यूजियमः शिवाजी के जीवन की वीरता और युद्ध कौशल की झांकी। लाइट एंड साउंड शोः जिससे नई पीढ़ी शिवाजी के शौर्य से प्रेरणा ले सके। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि यह स्मारक सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि उत्तर और दक्षिण भारत की एकता का प्रतीक बनेगा। इससे देश-विदेश के पर्यटक आगरा आएंगे, जिससे पर्यटन उद्योग को पंख लगेंगे और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

## सीएम योगी का युवाओं को संदेशः माफिया और नशे से रहें दूर

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित प्रदेश स्तरीय सीनियर प्राइजमनी पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने माफिया प्रवृत्ति को युवा शक्ति का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, पेशेवर, खेल या ड्रग माफिया, किसी भी प्रकार का माफिया युवाओं को क्षति पहुंचाता है। युवा शक्ति को बचाने के लिए डबल इंजन सरकार द्वारा बढ़ाई गई खेल संस्कृति को सार्थकता देना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों पर युवाओं और खेल को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें युवाओं का दुरुपयोग करती थीं और उन्हें माफिया की गिरफ्त में छोड़ देती थीं। योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि युवाओं के जीवन से खिलवाड़ करने वाले किसी भी माफिया की संपत्ति जब्त कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पिछले 10-12 वर्षों में भारत की खेल संस्कृति में व्यापक परिवर्तन का उल्लेख किया। खेलो इंडिया, फिट इंडिया, सांसद व विधायक खेलकूद प्रतियोगिता और ग्रामीण लीग जैसी पहलें आगे बढ़ी हैं।

## कैलाश मेले में उमड़ा भक्तों का सैलाब

### दिनभर रही हर-हर महादेव की गूंज

टीएनएफ टुडे, आगरा।

सावन के तीसरे सोमवार को उमस व गर्मी में भी कैलाश महादेव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरी रात मंदिर के पट खुले रहे। भोर करीब दो बजे से ही कांवड़ियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। हाथों में कांवड़ और जुबां पर भोलेनाथ का नाम लिए श्रद्धालु मंदिर की ओर बढ़ते रहे।

उमस और गर्मी भी शिवभक्तों की आस्था के आगे फीकी नजर आई। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंजता रहा। कांवड़ियों की सुविधा को देखते हुए रातभर मंदिर के पट खुले रहे, जिससे देर रात और तड़के पहुंचने वाले भक्तों को भी कैलाश महादेव के दर्शन और जलाभिषेक का अवसर मिला। भोर से शुरू हुई भीड़ के कारण मंदिर परिसर में लगातार भक्तों की आवाजाही बनी रही। इसके साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में दर्शन के लिए भक्त कतारों में खड़े रहे।



मेले में आसपास के क्षेत्रों के साथ दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंचे। कैलाश मंदिर के महंत गौरव गिरि ने बताया कि सोमवार रात 11 बजे कैलाश महादेव का चंदन और फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भोग व कैलाश महादेव की आरती की गई। उन्होंने बताया कि रात करीब 1 बजे के बीच मंदिर के प्रांगण और मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया। इसके बाद धार्मिक परंपराओं के अनुसार विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान संपन्न हुए।





## देवेंद्र महतो का अनशन तुड़वाने पहुंचे मंत्री इरफान अंसारी

एजेंसी, रांची।

झारखंड का छात्र आंदोलन बीते लगभग एक माह से सुर्खियों में है। जेपीएससी और जेएसएससी में गड़बड़ियों से आक्रोशित छात्रों और युवाओं ने सिस्टम की खामियों को दूर करने के लिए धरना-प्रदर्शन और अनशन का रास्ता चुना। रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में बीते करीब एक महीने से जारी आंदोलन को सफलता उस समय मिली जब कई दौर की वार्ता के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परीक्षा रद्द करने का एलान किया। हालांकि, इसके बावजूद छात्रों का कहना है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच के मुद्दे पर वे कोई समझौता नहीं करेंगे। सीएम हेमंत की तरफ से किए गए एलान के बाद बीते लगभग तीन सप्ताह से अनशन कर रहे आंदोलनकारी देवेंद्र महतो समेत अन्य छात्र और युवा अपनी भूख हड़ताल और अनशन खत्म करने पर राजी हो गए। झारखंड सरकार में मंत्री इरफान अंसारी ने खुद देर रात जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम जाकर युवाओं का अनशन खत्म कराया।

JPSC-JSSC आंदोलनः झारखंड सरकार का बड़ा फैसला

## DPL की सभी परीक्षाएं और परिणाम रद्द; सीएम सोरेन ने किया एलान

एजेंसी, रांची।

झारखंड में JPSC-JSSC परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी के खिलाफ छात्रों का आंदोलन सोमवार को 24वें दिन भी जारी रहा। इस बीच छात्रों और सरकार के बीच प्रस्तावित वार्ता होते-होते नहीं हो सकी। हालांकि इस बीच सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ा एलान कर दिया है। सीएम सोरेन ने टीडीपीएल (TDPL) द्वारा आयोजित सभी परीक्षाएं, टीडीपीएल द्वारा जारी किए गए परिणाम तथा टीडीपीएल के माध्यम से किसी भी उम्मीदवार का चयन या भागीदारी रद्द करने की बात कही है।

**सीएम सोरेन ने क्या कहा?**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज हमने इस मामले को अंतिम रूप देने के लिए विशेष कैबिनेट बैठक की। सभी पहलुओं पर विचार करने और समस्याओं का समाधान तलाशने के बाद हमने फैसला लिया है कि टीडीपीएल (TDPL) द्वारा आयोजित सभी परीक्षाएं, टीडीपीएल द्वारा जारी किए गए परिणाम तथा टीडीपीएल के माध्यम से किसी भी उम्मीदवार का चयन या भागीदारी रद्द की जाती है। इस संबंध में टीडीपीएल द्वारा की गई सभी गतिविधियां भी रद्द कर दी गई हैं।

**राहुल गांधी की चिट्ठी से बढ़ा राजनीतिक दबाव**

जेपीएससी विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे पत्र से भी मामला राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो गया था। राहुल गांधी ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेने और उनके समाधान की दिशा में पहल करने की बात कही थी।



**फैसले के बाद आंदोलनरत छात्रों में खुशी**

मुख्यमंत्री के इस ऐलान के बाद आंदोलनरत छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी मांगों को लेकर सरकार ने गंभीरता दिखाई है। छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फैसले के लिए बधाई दी और इसे छात्रों के आंदोलन की बड़ी सफलता बताया।

**परीक्षा रद्द होने के बाद भी खत्म नहीं हुआ आंदोलन**

हालांकि, आंदोलन कर रहे कुछ छात्रों का कहना है कि सरकार की ओर से महत्वपूर्ण मांगें मान ली गई हैं, लेकिन उनका आंदोलन अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। छात्रों ने कहा कि परीक्षाएं और भर्तियां रद्द करने की घोषणा स्वागत योग्य है, लेकिन कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच भी जरूरी है।

## चुनाव में काले धन के इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट सख्तः जब्ती की सूचना 24 घंटे में देने का निर्देश



एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चुनावी प्रक्रिया में काला धन लोकतंत्र, कानून के शासन और पूरी चुनाव प्रक्रिया को कमजोर करता है। शीर्ष अदालत ने चुनाव के दौरान अवैध तरीके से हासिल धन की बरामदगी से जुड़े आपराधिक मामलों की समय पर जांच और जल्द सुनवाई पूरी करने पर जोर दिया।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कई निर्देश जारी करते हुए कहा, "इस पसंद को प्रभावित करने वाले किसी भी बाहरी कारक में लोकतंत्र के मूल स्वरूप को कमजोर करने की क्षमता है।" पीठ ने कहा कि जब अवैध धन शामिल होता है तो व्यक्ति की ओर से किया गया चुनाव स्वतंत्र नहीं रहता। उसकी पसंद मौद्रिक या अन्य तरह के लाभ से प्रभावित हो जाती है। कभी ये लाभ वास्तविक होते हैं तो कभी भ्रामक वादों के रूप में होते हैं।

**काले धन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?**

पीठ ने कहा, "चुनावी प्रक्रिया में काला धन, यानी जिस मुद्दे पर हम यहां विचार कर रहे हैं, ऐसा ही एक पहलू है जो लोकतंत्र, कानून के शासन और खुद चुनावी प्रक्रिया को कमजोर करता है।" शीर्ष अदालत ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया में संदिग्ध धन के प्रसार और उसे दूषित करने का मुद्दा कोई हाल की घटना नहीं है। इसे बार-बार पहचाना गया है।

**24 घंटे में देनी होगी जब्ती की रिपोर्ट**

चुनाव प्रक्रिया के दौरान नकदी और संपत्ति की जब्ती का जिक्र करते हुए अदालत ने कहा कि ₹जब्ती करने वाले प्राधिकारी को 24 घंटे के भीतर इसकी सूचना जिला मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट या सक्षम क्षेत्राधिकार वाली अदालत को देनी होगी।₹ साथ ही लिखित कारणों में यह बताना होगा कि जब्त नकदी या अन्य संपत्ति का संदिग्ध चुनावी अपराध से प्रथम हष्टया क्या संबंध है।

पीठ की ओर से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति संजय करोल ने कहा कि जब प्राथमिकी दर्ज हो जाती है तो जांच अधिकारी को हर संभव प्रयास करके एक साल के भीतर जांच पूरी करनी होगी। पीठ ने निर्देश दिया, "यदि यह समयसीमा पार होती है तो इसके कारण दर्ज किए जाएंगे और भारत निर्वाचन आयोग को बताए जाएंगे।"

**10 लाख से अधिक की नकदी मिलने पर आयकर विभाग को सूचना**

यह आदेश कर्नाटक सरकार की ओर से दायर एक याचिका पर आया। यह मामला 2014 के लोकसभा चुनाव से जुड़ा है, जब बेल्लारी जिले में चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर काला धन जब्त किया गया था। पीठ ने निर्वाचन आयोग और राज्य सरकारों को 18 नवंबर तक अनुपालन हलफनामा दाखिल करने को कहा है।

अदालत ने निर्देश दिया कि जांच अधिकारी संबंधित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या पुलिस उपायुक्त की मंजूरी के बाद नोडल अधिकारी के माध्यम से निर्वाचन आयोग को जांच की स्थिति की तिमाही रिपोर्ट देगा। शीर्ष अदालत ने कहा, "जब स्थैतिक निगरानी दल (ररळ) जांच के दौरान 10 लाख रुपये से अधिक की राशि पाते हैं तो इसकी जानकारी आयकर अधिकारियों को भेजी जाएगी।"

उम्मीदवारों और मौजूदा सांसदों-विधायकों के मामलों में तेजी लाने पर जोर

पीठ ने लोकतंत्र में चुनावों की अनिवार्यता का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग चुनाव लड़ रहे हैं, वे खुद चुनाव कराने की जिम्मेदारी नहीं संभाल सकते। पीठ ने कहा, ₹अगर ऐसा होता है तो चुनाव की पूरी प्रक्रिया ही निरर्थक हो जाएगी।₹ अदालत ने निर्देश दिया कि उम्मीदवारों और मौजूदा सांसदों तथा विधायकों के खिलाफ मामलों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। इसमें चुनावों के बार-बार होने की प्रकृति को ध्यान में रखा जाए।

## भाजपा संगठनः स्मृति ईरानी, राम माधव की वापसी, नवीन की टीम में भी वसुंधरा बरकरार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को अपनी नई टीम का एलान किया। पार्टी के 65 राष्ट्रीय पदाधिकारियों वाली इस टीम में महिलाओं की मौजूदगी खास तौर पर देखने को मिली है। कुल 12 महिलाओं को राष्ट्रीय संगठन में जिम्मेदारी दी गई है। नई टीम में 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए हैं, जिनमें छह महिलाएं हैं। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महामंत्री की अहम जिम्मेदारी दी गई है। पिछली टीम की तुलना में महिला पदाधिकारियों की संख्या बढ़ी है। पिछली टीम में एक भी महिला राष्ट्रीय महामंत्री नहीं थी।

**कौन-कौन सी महिला नेता बनीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष?**

भाजपा की नई टीम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, आंध्र प्रदेश भाजपा की पूर्व अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी, पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा वषार्बेन नरेंद्रभाई दोशी, रेखा वर्मा और डॉ. मधुचंद्र कर को भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। वसुंधरा राजे और रेखा वर्मा को इस पद पर बरकरार रखा गया है।

## एसआरएन अस्पताल के नामकरण से स्वतंत्रता संग्राम सर्किट तक, शहीद रोशन सिंह से जुड़ी 8 मांगों को सरकार ने माना जायज

- सरकार की ओर से पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह के आश्वासन पर 13वें दिन स्थगित हुआ अनिश्चितकालीन धरना
- योगी सरकार जल्द कर सकती है इस मामले को लेकर उच्च स्तरीय कैबिनेट बैठक
- आंदोलनकारियों ने साथ देने वाले सभी छात्र, युवा, अधिवक्ताओं और नागरिकों का जताया आभार

एजेंसी, प्रयागराज।

मोतीलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध मंडलीय चिकित्सालय 'स्वरूप रानी नेहरू' (SRN) अस्पताल का नाम बदलकर 'अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह चिकित्सालय' किए जाने सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर महुआ डाबर संग्रहालय परिवार के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 13वें दिन सरकार के अनुरोध और आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया।



उत्तर प्रदेश शासन के प्रतिनिधि के तौर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह वार्ता के लिए मलाका जेल स्थित बलिदान स्थल पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद महुआ डाबर संग्रहालय के महानिदेशक एवं क्रांतिकारी शहीद वंशज डॉ. शाह आलम राना से इस मुद्दे पर विस्तार से बातचीत की।

सिद्धार्थनाथ सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि महुआ डाबर संग्रहालय परिवार द्वारा रखी गईं 8 सूत्रीय मांगें महत्वपूर्ण और जायज हैं। इस संबंध में जल्द ही सरकार की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी और संबंधित विभागों को मांगें पूरी करने के निर्देश जारी किए जाएंगे।

इन मांगों में प्रमुख रूप से मंडलीय चिकित्सालय 'स्वरूप रानी नेहरू' का नाम 'अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह चिकित्सालय' करने, शहीद ठाकुर रोशन सिंह पार्क एवं प्रतिमा स्थल का संरक्षण एवं शिलापट्ट की ऐतिहासिक त्रुटियों को दूर करने, सिविल लाइन्स चौराहे का नाम 'अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह चौराहा' करने, आगामी 19 दिसंबर 2026 से शुरू होने वाले बलिदान शताब्दी वर्ष पर राजकीय कार्यक्रम एवं शस्त्र सलामी देने, मलाका जेल पर प्रमाणिक दस्तावेजों के आधार पर शोध ग्रंथ प्रकाशित करने, शहीद प्रतिमा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं नोडल अधिकारी नियुक्त करने, ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान स्थल को 'स्वतंत्रता संग्राम सर्किट' में शामिल कर यूपी के पर्यटन मानचित्र पर दर्ज करना शामिल है। धरने के संयोजक डॉ. अवनीश सिंह ने 13 दिनों तक संघर्ष में साथ देने वाले सभी छात्र, युवा, अधिवक्ताओं और नागरिकों का आभार व्यक्त किया। धरने के 13वें दिन भी भारी वर्षा के बावजूद प्रातः सैकड़ों की संख्या में नागरिक आंदोलन स्थल पहुंचे। पहले काकोरी केस के महान क्रांतिकारी अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद महान क्रांतिवीर मदन लाल ढिंगरा के बलिदान दिवस पर उन्हें भी नमन किया गया। मदन लाल ढिंगरा ने 25 वर्ष की आयु में लंदन में भारत के राज्य सचिव के राजनीतिक सहायक सर विलियम हट कर्जन विली को गोली मारकर देश के लिए फांसी का फंदा चूमा था।

# सावन का तीसरा सोमवार, शिवालयों में उमड़ी भीड़

## पिनाहट के इच्छेश्वर महादेव मंदिर पर दिनभर हुई पूजा अर्चना

टीएनएफ टुडे, पिनाहट (आगरा)।

सावन के तीसरे सोमवार को पिनाहट क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। कस्बा स्थित अति प्राचीन इच्छेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं का सैलाब शाम तक बना रहा।

सुबह 4 बजे से ही मंदिरों के कपाट खुलते ही भक्तों ने जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और पूजन-अर्चन शुरू कर दिया। इच्छेश्वर महादेव मंदिर के अलावा तालेश्वर महादेव मंदिर, थाना मनसुखपुरा के गांव करकोली स्थित चंबल नदी किनारे बीहड़ में स्थित महेबा सिद्ध स्थल शिव मंदिर और कांकर खेड़ा स्थित नवलदास महाराज आश्रम पर भी दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिरों में बम-बम भोले के जयकारों के साथ माहौल शिवमय हो गया। महिला, पुरुष और बच्चे कतारबद्ध होकर जल चढ़ाते नजर आए। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पुलिस कर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद रहे।



### अछनेरा में गूंजा बम-बम भोले



अछनेरा। सावन के तीसरे सोमवार को अछनेरा में युवाओं द्वारा लाई गई प्रथम वासुकी डाक कांवड़ कांवड़ कचला से जल लेकर अछनेरा पहुंची और चूअरा मोहल्ला स्थित बनखंडी महादेव मंदिर पर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कांवड़ियों के मंदिर पहुंचते ही पूरा परिसर बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। युवाओं में कांवड़ यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान गुलशन गर्ग, छोटू पंडित, शिवम, कृष्णा, टोनू, कपिल, कान्हा, विशाल सहित अन्य युवाओं ने कांवड़ चढ़ाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

### 251 ढमोला की कांवड़ से शिव का अभिषेक



इरादतनगर। आगरा के चर्चित सोशल मीडिया चेहरे और फेमस यूट्यूबर शशि देव त्यागी एवं उनके पति देवकांत त्यागी हिंदुस्तानी की कांवड़ यात्रा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है। सभी के सुख-समृद्धि की कामना के साथ दोनों ने सोरों से पवित्र गंगाजल कांवड़ में लेकर पवित्र सावन मास में सावन ए तीसरे सोमवार को आगरा के चालीसी क्षेत्र स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध बृथला महादेव मंदिर (लीला विलास महाराज) पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक किया। 251 ढमोला की कांवड़ और ह्यमहादेव बम-बमह्ल के जयघोष से पूरा माहौल शिवमय हो गया। यात्रा में कई इंफ्लुएंसर भी शामिल रहे और श्रद्धालु जमकर झूमते नजर आए। यात्रा में शोशल मीडिया के फेमस यूट्यूबर और इंफ्लूएंसर बाबू गप्पी, अमर चौहान, सुनील, अंकित कुलश्रेष्ठ, अंकित तिवारी, सतीश त्यागी, रवि परिहार, धर्मेंद्र, रवि त्यागी और सबसे छोटे जोटिया शुभम त्यागी सहित अन्य लोग शामिल रहे। आगरा पहुंचने पर त्यागी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी योगेश त्यागी राजा साहब ने अपने होटल पर कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। देवी सिंह सिकरवार की टीम ने मुरैना से पहुंचकर स्वागत किया।

### 91 लीटर गंगाजल से किया शिव का अभिषेक



खेरागढ़। सोमवार को छह कांवड़िए सोरों जी से करीब 91 लीटर गंगाजल लेकर खेरागढ़ पहुंचे और नगला उदईया स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। हरिकांत ने बताया कि वह अपने गांव के मित्र चंचल, अखिलेश, दिनेश, बादल और सौरभ के साथ शुक्रवार सुबह सोरों जी गंगा घाट से आठ कलशों में 91 लीटर गंगाजल लेकर पैदल कांवड़ यात्रा पर निकले थे। करीब तीन दिन की यात्रा के बाद सोमवार सुबह खेरागढ़ पहुंचे। गांव पहुंचने पर कांवड़ियों का बैंडबाजों और डीजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद नगर में कांवड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु मनमोहक भजनों पर नाचते-गाते हुए नगर भ्रमण करते रहे। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से माहौल शिवमय हो गया।

# सवारियों से भरी बस डिवाइडर से टकराकर पलटी

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रात दो बजे हादसा
- एक की मौत, 16 सवारियां हुई घायल
- चालक को झपकी आने से हुआ हादसा



टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रात्रि दो बजे सवारियों से भरी बस के चालक को नींद की झपकी आने के कारण बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में एक सवारी की मौत और 16 सवारी घायल हो गईं। बस में बैठी सवारियों में चीखपुकर मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा की टीम ने बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक बस चालक रिंकू शताब्दी ट्रेवल्स की स्लीपर कोच बस में कानपुर से 60 सवारी लेकर गुड़गांव जा रहा था। जैसे ही बस थाना फतेहाबाद क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 29 पर रात्रि 1:50 बजे के करीब पहुंची तो बस चालक को नींद की झपकी आने के कारण बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस पलटते ही जोर का झटका लगने पर यात्रियों की नींद खुली और चीख पुकार मच गई। यात्री मदद के लिए चिल्लाने लगे। सूचना पर यूपीडा की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और राहत बचाव कार्य शुरू किया गया। बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। दो लोग बस के नीचे दबकर फंसे रह गए। जिन्हें निकालने के लिए पुलिस को क्रेन की मदद लेनी पड़ी और करीब आधा घंटे बाद दोनों को गंभीर घायल अवस्था में बस के से नीचे से निकालकर उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज भेज दिया। वहीं हादसे में 17 सवारियां घायल हुई है। राहुल यादव पुत्र जयनारायण निवासी जगदीशपुर कानपुर नगर उम्र करीब 30 वर्ष की उपचार के दौरान मौत हो गई। यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी प्रथम राधामोहन द्विवेदी ने बताया कि बस चालक को नींद की झपकी आने के कारण बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। चालक बस छोड़कर फरार हो गया है। बाकी सवारियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया है। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि एक यात्री की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

**हादसे में ये हुए घायल**

अनुराग द्विवेदी (30) निवासी पनकी कानपुर, अजय सिंह (25) निवासी अजीतमल औरैया, विवेक सिंह (24) निवासी कानपुर देहात, अरविंद (49), परिचालक भोले सिंह (25) निवासी नगीना बागर मूसानगर कानपुर देहात, आदित्य (32) निवासी सुरेंद्र नगर थाना रावतपुर कानपुर, प्रशांत (33) निवासी कल्याणपुर मेट्रो के पास कानपुर, दीपक (26) निवासी कानपुर, गुलफशा पत्नी शमीम (36) निवासी सैयद अगर थाना रावतपुर कानपुर, नंदन (33) निवासी फतेहाबाद आगरा, सरवन (48) निवासी पनकी कानपुर, नेहा (23) निवासी बड़ा शाहपुर गुरुग्राम, राहुल निवासी कानपुर, बबलू (28) निवासी बर्रा कानपुर, देवेश (23) निवासी कामादेव कानपुर सोमेंद्र शामिल हैं।

# खेरागढ़ संपूर्ण समाधान दिवस में आई 9 शिकायतें

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

संपूर्ण समाधान दिवस सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित हुआ। समाधान दिवस में महज नौ फरियादी ही अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद फरियादियों की कम संख्या के चलते तहसील सभागार में सन्नाटा पसरा रहा। इस दौरान कागारौल निवासी गौतम रावत ने पैतृक बेशकीमती भूमि पर रसूखदार लोगों द्वारा कब्जा कर दिन रात कार्य कराते हुए पक्का निर्माण कराने की शिकायत की। एसडीएम ने मामला निजी भूमि से संबंधित बताते हुए न्यायालय की शरण लेने की सलाह दी। गूंगा बद निवासी रमेश और नगला महासुख निवासी हरिशंकर ने चक रोड से अवैध कब्जा हटवाने, जबकि धनीना निवासी जंडेल सिंह ने गांव में दुकान तक खड़ंजा लगवाने की मांग की। एसडीएम ने सभी शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार सुरभि राय, अनुज दीक्षित, बबलेश कुमार, बीडीओ सैंया जयकिशन दोहरे, एडीओ दीवान सिंह, विनय प्रताप सिंह, सीएचसी खेरागढ़ से डॉ रवि यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### टनकपुर-अछनेरा एक्सप्रेस का नियमित संचालन 31 से

अछनेरा। यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। टनकपुर-अछनेरा स्पेशल ट्रेन संख्या 05061/05062 का नियमितीकरण करते हुए अब 15093/15094 टनकपुर-अछनेरा एक्सप्रेस के रूप में नियमित संचालन शुरू किया जाएगा। रेलवे के अनुसार ट्रेन का नियमित संचालन 31 अगस्त से प्रारंभ होगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सप्ताह में पांच दिन—सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होगी। नियमित संचालन शुरू होने से अछनेरा सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को टनकपुर आने-जाने में सुविधा मिलेगी। यात्रियों ने ट्रेन के नियमित संचालन पर खुशी जताते हुए रेलवे का आभार व्यक्त किया है।

# श्रीराम सिंहासन पर लेंटर का भूमि पूजन



टीएनएफ टुडे, पिनाहट (आगरा)।

रामलीला मैदान पिनाहट में श्रीराम सिंहासन के ऊपर लेंटर निर्माण कार्य का भूमि पूजन रविवार को विधि-विधान से संपन्न हुआ। पूजन कार्यक्रम रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नवीन पाराशर के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कमेटी के समस्त पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की सफलता की कामना की। कमेटी अध्यक्ष नवीन पाराशर ने कहा कि श्रीराम सिंहासन भव्य और आकर्षक बनाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में सुविधा होगी और रामलीला के दौरान कार्यक्रम और अधिक दिव्य लगेगा। उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान पिनाहट क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है। कमेटी द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि यहां आने वाले भक्तों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान ब्रह्मानन्द व्यास जी, मनोज तिवारी, रामनिवास शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, हर्ष कुमार, महावीर ओझा, चंद्र मोहन तिवारी समेत कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया।

### 20 को आगरा आएगा जापानी प्रतिनिधिमंडल

आगरा। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर के नेतृत्व में उच्चस्तरीय 240 सदस्यीय जापानी

- 240 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की इन्वेस्टर्स के साथ राउंड टेबल मीटिंग प्रस्तावित

सीईओ का प्रतिनिधिमण्डल का 18 से 23 अगस्त तक भारत भ्रमण प्रस्तावित है। प्रतिनिधिमण्डल 20 अगस्त को आगरा में ताजमहल भ्रमण करेगा। बाद में जेपी पैलेस में इन्वेस्टर्स के साथ राउंड टेबल मीटिंग की जाएगी। इसके बाद लखनऊ के लिए प्रस्थान प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने उक्त उच्च स्तरीय 240 सदस्यीय डेलिगेशन के दौरे के दृष्टिगत जनपद स्तर पर प्रतिनिधिमण्डल के दौरे हेतु आवश्यक प्रोटोकॉल, सुरक्षा, गाइड, गोल्फ कार्ट, यातायात, पार्किंग, चिकित्सा एवं अन्य सभी महत्वपूर्ण आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु विभागों के मध्य समुचित समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

# आगरा के बरहन क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर 36 घंटे के अंदर मिले तीन अज्ञात शवों का रहस्य बरकरार

टीएनएफ टुडे, आगरा।

बरहन थाना क्षेत्र में करीब तीन घंटे के अंतराल में रेलवे ट्रैक पर अलग-अलग स्थानों से मिले तीन शवों ने पुलिस के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतकों में एक युवक, एक युवती और करीब 9-10 साल की बालिका शामिल है। हैरानी की बात यह है कि तीनों में से किसी की भी पहचान नहीं हो सकी है। ऐसे में पुलिस के सामने सबसे पहली चुनौती मृतकों की पहचान कराने की है। इसके साथ ही यह भी पता लगाना है कि तीनों की मौत ट्रेन की चपेट में आने या आत्महत्या के कारण हुई है अथवा घटनाओं के पीछे कोई अन्य वजह है। तीनों शवों के एक ही क्षेत्र में मिलने से पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार पहला शव 15/16 अगस्त की रात बरहन क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिला था। मृतक युवक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष बताई गई है। उसके पास से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला। प्रारंभिक जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है। हालांकि, शव की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

इसके बाद 16 अगस्त को रेलवे ट्रैक पर पोल संख्या 1264 और 1265 के बीच एक युवती का शव मिला। उसकी उम्र करीब 24 से 25 वर्ष आंकी गई है। उसके पास से गले की चेन, कानों की बालियां, हाथ की अंगूठी और घड़ी मिली है, लेकिन इन सामानों के बावजूद उसकी पहचान नहीं हो सकी है। युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह भी पुलिस की जांच का विषय है।

युवती का शव मिलने के कुछ घंटे बाद इसी क्षेत्र में शाम के समय रेलवे ट्रैक पर करीब 9-10 वर्ष की बालिका का शव बरामद हुआ। बालिका की भी पहचान नहीं हो सकी है। लगातार तीन शव मिलने और तीनों की पहचान न हो पाने से पुलिस के सामने स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है।

हादसा, आत्महत्या या अपराध?

तीनों मौतों को लेकर पुलिस के सामने कई सवाल हैं। युवक के मामले में प्रारंभिक जानकारी आत्महत्या की ओर इशारा कर रही है, लेकिन युवती और बालिका की मौत की परिस्थितियां स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस के सामने यह पता लगाना महत्वपूर्ण है कि ये मौतें रेलवे हादसे का परिणाम हैं, आत्महत्या के मामले हैं या इनके पीछे कोई आपराधिक घटना है। तीनों शवों की पहचान होने के बाद जांच को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि तीनों मौतों का आपस में कोई लिंक तो नहीं है। बरहन के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष रघुवंशी ने आम लोगों से अपील की है कि यदि थाना क्षेत्र में किसी महिला, युवक या बच्ची की गुमशुदगी दर्ज है अथवा मृतकों की

# महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी जी की 195वीं जन्म जयंती पर निकली ऐतिहासिक भव्य शोभायात्रा, हजारों लोगों की रही सहभागिता

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कलाल खेरिया।

महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी जी की 195वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर रविवार, 16 अगस्त को कलाल खेरिया से अवंती बाई चौराहे (प्रतापपुरा) तक एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में हजारों की संख्या में समाजबंधुओं ने कार एवं बाइक रैली के माध्यम से उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे मार्ग में समाजजनों का जोश,उत्साह और वीरांगना अवंतीबाई लोधी जी के प्रति श्रद्धा देखने योग्य रही।

कार्यक्रम का सफल आयोजन युवा समाजसेवी युवराज सिंह लोधी ने किया सहयोगी रहे यशपाल सिंह राजपूत ,मुकेश राजपूत, हरिकिशन लोधी, क्रांति राजपूत,राकेश राजपूत, देवकरण लोधी,सनी राजपूत,हजारीलाल सहित अन्य समस्त युवा साथियों के सहयोग से संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान भोजन, पेयजल, मंच तथा अन्य सभी व्यवस्थाएँ अत्यंत सुव्यवस्थित एवं सराहनीय रहीं, जिसकी उपस्थित समाजजनों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

शोभायात्रा के समापन पर प्रतापपुरा चौराहे पर स्थापित महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा



उनके अद्वितीय शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक युवराज सिंह लोधी ने कहा कि महारानी अवंतीबाई लोधी का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि समाज की उन्नति और प्रगति का मूल आधार युवा शक्ति होती है। यदि युवा सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएँगे, तभी समाज एक नई दिशा और नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा।

वहीं भाजपा नेता मुकेश राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के युवाओं को सामाजिक कार्यों के साथ-साथ राजनीति में भी सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब युवा नेतृत्व आगे आएगा, तभी समाज के हितों की प्रभावी आवाज उठेगी और समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

क्रांति राजपूत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम वास्तव में महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी जी के आदर्शों पर चलना चाहते हैं, तो हमें शराब, जुआ, सिगरेट एवं अन्य सभी सामाजिक बुराइयों से दूर रहना होगा। उन्होंने युवाओं से चरित्रवान, संस्कारी एवं समाजहित में समर्पित जीवन जीने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगौरव, समाज एकता और महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी जी के आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी समाजबंधुओं ने भविष्य में भी समाजहित एवं राष्ट्रहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

**इनकी रही विशेष उपस्थिति**

देवेंद्र ठेकेदार, डॉ. मुकेश, मुनीम जी, छोटेलाल जी बैंक वाले, राजहां सिंह पहलवान जी, रणवीर मास्टर, पप्पू नेता, निर्देश एडवोकेट, मिश्रीलाल बाबा, हरिकिशन, नरेश राजपूत, सुनील राजपूत, शिवा राजपूत, प्रदीप राजपूत हलदार राजपूत आदि।



### सांसद निधि से बुझेगी प्यास, 50 लाख रुपये मंजूर

अछनेरा। क्षेत्र के लोगों को वर्षों से चली आ रही पानी की किल्लत से जल्द ही बड़ी राहत मिलने वाली है। स्थानीय सांसद राजकुमार चाहर ने जनता की इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता देते हुए अपनी सांसद निधि से 50 लाख रुपये देने की बड़ी घोषणा की है। सांसद की इस पहल के बाद प्रशासनिक स्तर पर विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने की कवायद भी शुरू हो गई है। तीन वर्ष से लगातार मुख्य सडक अछनेरा से कीठम मार्ग पर गांव कचौरा में जलभराव की मुख्य समस्या बनी हुई है। इस सडक से दर्जनों गांवों के लोगों का रोजाना आवागमन बना हुआ है। स्थिति यह है की इस समय सडक में गहरे गहरे गड्ढे हो गए है। समस्या से परेशान क्षेत्र के लोगों ने दिन रविवार को एक पंचायत की जिसमें जनप्रतिनिधियों से कहा तो क्षेत्रीय सांसद राजकुमार चाहर ने इस समस्या को प्रमुखता से लिया। लोकदल नेता बृजेश चाहर, अशोक राणा, प्रमोद चाहर, एसडीएम अभिनव पाठक, तहसीलदार दीपांकर, गुलाब वर्मा, गुड्डू चौधरी, पोहप सिंह, हरिओम सिंह, केके चौधरी, लाखन प्रधान, रामगोपाल प्रधान, रमन बघेल, राकेश चौधरी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान कुमार चौधरी संचालन बिशम्भर दयाल प्रधान जनुथा ने किया।

### खेरागढ़ में सॉलिस ट्रैक्टर डीलरशिप का शुभारंभ



खेरागढ़। नगर के सैंया मार्ग स्थित तहसील कार्यालय के सामने सोमवार को सॉलिस ट्रैक्टर की नई डीलरशिप एजेंसी का भव्य शुभारंभ हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी रामभूषण दास जी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद विधि-विधान से हवन-पूजन कर नई डीलरशिप के सफल संचालन की कामना की गई। कंपनी के अधिकारियों ने किसानों को सॉलिस ट्रैक्टरों की आधुनिक तकनीक, मजबूती, बेहतर माइलेज और कृषि कार्यों में उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों ने ट्रैक्टरों के विभिन्न मॉडलों और उनकी खूबियों को लेकर जानकारी प्राप्त की। डीलरशिप के शुभारंभ के मौके पर ही करीब आधा दर्जन किसानों को ट्रैक्टरों की डिलीवरी दी गई। जबकि करीब एक दर्जन किसानों ने नए ट्रैक्टरों की बुकिंग कराई। इससे डीलरशिप संचालकों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारी, डीलरशिप स्टाफ, किसान और एजेंसी संचालक प्रवेंद्र राठौड़, ओमवीर सिंह मुखिया, अमर सिंह भगत, जोगेंद्र सिंह एड,किसान नेता भुवनेश्वर पूनिया आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ’

### नागपंचमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अछनेरा। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि और सावन सोमवार के अद्भुत संयोग पर थाना क्षेत्र के गांव अगनपुरा में नागपंचमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जयपाल लोधी, नितिन लोधी, कैलाशी, बंटी डीलर, तालेवर, बंटी, छोटू द्वारा एक भव्य और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह से लेकर देर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा गया।

### तहसील दिवस में आई 15 शिकायतें, 5 का निस्तारण

फतेहाबाद। सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 15 शिकायतें मिली जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील सभागार फतेहाबाद में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 15 शिकायतें प्राप्त हुई थी जहां पांच का मौके पर निस्तारण किया गया शेष शिकायतों को निर्धारित समय में निस्तारण करने के आदेश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार शिखर मिश्रा, सहायक पुलिस आयुक्त शमशाबाद राजीव रंजन,उपखंड विद्युत अधिकारी गौरव राजपूत, महेंद्र सिंह सहित आदि प्रमुख थे।

### उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में बढ़ोतरी

खेरागढ़। योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में बढ़ोतरी करते हुए इसे ?90 से बढ़ाकर ?125 प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। साथ ही सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के तहत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण खेरागढ़ तहसील सभागार में क्षेत्र के समस्त राशन डीलरों, एसडीएम नरेंद्र गंगवार नायब तहसीलदार अनुज दीक्षित सहित आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने देखा। लाभांश बढ़ाए जाने की घोषणा से राशन डीलरों में उत्साह नजर आया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने के साथ उचित दर दुकानों को जन पोषण केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में 39 वस्तुओं की बिक्री की अनुमति दी गई है। नई व्यवस्था के तहत उचित दर दुकानदारों को कॉमन सर्विस सेंटर और ई-पॉस मशीन के माध्यम से बिजली बिल जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। ऑनलाइन वितरण प्रणाली के जरिए उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न की डिलीवरी ट्रैक करने की सुविधा मिलेगी। इससे वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने और राशन वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

### मुख्यमंत्री ने राशन डीलरों को दी सौगात

फतेहाबाद। सरकारी सस्ते गल्ले के दुकानदारों को सरकार ने कमीशन में बढ़ोत्तरी की है। मुख्यमंत्री ने लाइव प्रसारण के माध्यम से संबोधित किया। सोमवार को तहसील सभागार फतेहाबाद में पूर्ति निरीक्षक अमरनाथ मौर्या की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ के सम्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा सरकारी सस्ते गल्ले दुकानदारों को अभी तक 90 रूपए प्रति कुंटल का कमीशन दिया जाता था। जिसे अब बढ़ाकर 125 रुपए प्रति कुंतल कर दिया है जहां इसमें 35 रुपए प्रति कुंतल की बढ़ोत्तरी की गई है। जिसमें 10 रूपए केंद्र सरकार तथा 25 रूपए राज्य सरकार वहन करेगी। इस अवसर पर फतेहाबाद के सभी राशन विक्रेता उपस्थित थे।

### यमुना में कूदे युवक का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

फतेहाबाद। थाना डौकी क्षेत्र में वाजिदपुर के यमुना नदी पुल से यमुना में कूदे युवक का दूसरे दिन भी देर शाम तक कोई सुराग नहीं लगा है। पीएसी के गोताखोरों की टीम रेस्क्यू अभियान चला रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्याप्रसाद पुत्र बीरी सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी कूमपुरा थाना निबोहरा अपने परिवार के ख्यालीराम सिंह के साथ रविवार दोपहर को 2:00 बजे के करीब बाइक से वाजिदपुर पुल पर पहुंच गए थे। तभी अचानक से ग्याप्रसाद ने वाजिदपुर यमुना पुल से छलांग लगा दी। जानकारी पर ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से यमुना नदी में खोजबीन की गई लेकिन कोई पता नहीं चल सका था। वहीं सोमवार सुबह पीएसी की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जहां समाचार लिखे जाने तक कोई सुराग नहीं लग सका है। थानाध्यक्ष डौकी सुनीत शर्मा ने बताया कि पीएसी के गोताखोरों की टीम युवक की यमुना नदी में रेस्क्यू अभियान चला रही है, लेकिन तेज बहाव होने के कारण अभी तक कोई पता नहीं चल सका है।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper


# जय शिवाजी, जय भवानी उद्घोष के साथ यात्रा शुरू

## लालकिला शिवाजी प्रतिमा से शुरू हुई गरुड़ क्षेप यात्रा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



जय भवानी जय शिवाजी के जयघोष से सोमवार को आगरा लाल किला के सामने स्थित शिवाजी प्रतिमा स्थल गूंज उठा। 17 अगस्त 1666 को महाराज छत्रपति शिवाजी अपनी कार्यकुशलता, युद्ध क्षमता, और वीरता के बल पर औरंगजेब की कैद से मुक्त होकर आगरा से निकले थे। शिवाजी के सेनापतियों के 14वें वंशज इस दिन को स्मृति दिवस के रूप में मनाते हुए आगरा से राजगढ़ तक 1253 किलोमीटर लंबी गरुड़ उड़ान यात्रा पिछले 7 वर्षों से अनवरत निकाल रहे हैं।

लाल किला के सामने शिवाजी प्रतिमा स्थल से शुरू हुई इस यात्रा में 100 धावक 100 साइकिल सवार सम्मिलित हुए। गरुड़छेप मुहिम संस्था के बैनर तले आयोजित यात्रा का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री जयकुमार रावल एवं मंत्री भरत सेठ गोगावले ने छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि पिछली सरकारों में हमारे इतिहास और हमारे वीर योद्धाओं के शौर्य पराक्रम को छुपाया गया। भाजपा सरकार में देश के वीर सैनिक, अमर सपूत महान सेनानायक एवं इतिहास के उन महान योद्धाओं को सम्मान मिल रहा है जो इसके असली हकदार है। महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री जय कुमार रावल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने छत्रपति शिवाजी स्मारक के लिए 9 करोड रुपए की राशि देकर महाराष्ट्र और मराठी समाज को सम्मान देने का काम किया है। महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री ने कहा जल्द महाराष्ट्र सरकार 17 अगस्त को शौर्य प्रेरणा दिवस के रूप में मनाने के लिए अध्यादेश जारी करेगी।

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री भारत सेठ गोगावाले ने कहा कि आगरा में महाराष्ट्र में उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयास से छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक युवाओं के लिए प्रेरणा बनने के साथ उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत की संयुक्त एकता का परिचय देगा। कार्यक्रम का शुभारंभ बिजलीघर लाल किला के सामने स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर देशभर के शिवाजी के 101 किलों के जल से जलाभिषेक किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय महाराष्ट्र सरकार के प्रोटोकॉल एवं मार्केटिंग मंत्री जयकुमार रावल महाराष्ट्र सरकार के मंत्री भरत सेठ गोगावले और महाराष्ट्र से आए शिवाजी महाराज के सेनापतियों के 14वें वंशजों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके शौर्य साहस और कार्य कुशलता को नमन किया। यात्रा संयोजक मारुति आभा गोले ने बताया कि आज भी हम लोग शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा दर्शाई और बताई गई युद्ध कौशल कला और करतब का अनुसरण करते हैं। इस मौके पर गोवा से आई महिला कलाकारों ने भी युद्ध कला में तलवारबाजी, लाठी कला का प्रदर्शन किया। गरुड़ क्षेप यात्रा के संयोजक मारुति आभा गोले ने बताया कि पहली बार इसयात्रा को पूरे होने में 35 दिन लगे थे।

यह यात्रा आगरा से लेकर राजगढ़ तक चार राज्यों 78 शहरों से गुजरती हुई जाएगी। संस्था के अध्यक्ष डॉ वात्सल्य उपाध्याय ने बताया कि हिंदुत्व की प्रेरणा देने वाले महान वीर शासक शिवाजी महाराज की स्मृति को जोड़ने वाली इस यात्रा का स्वागत करना हमारा सौभाग्य है।

# 11000 शिवलिंगों का महाभिषेक यज्ञ आयोजित

## रुद्रों एवं 12 ज्योतिलिंगों की महिमा सुन श्रद्धालु भाव-विभोर

टीएनएफ टुडे, आगरा।




शमसाबाद रोड स्थित गाय वाले मंदिर, महादेव नगर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर कथा व्यास पं. विकासानंद महाराज, वृंदावन धाम के मुखारबिंद से भगवान शिव की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा में तारकासुर वध, भगवान शंकर के शंखचूड़ उद्धार सहित भगवान शिव के विभिन्न अवतारों, रुद्रों एवं द्वादश ज्योतिलिंगों की महिमा का श्रद्धालुओं ने रसपान किया।

कथा व्यास ने भगवान पशुपतिनाथ के दिव्य चरित्र का वर्णन करते हुए शिव भक्ति एवं आराधना के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के समापन अवसर पर 11000 पार्थिव शिवलिंगों का महाभिषेक यज्ञ विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पूरा कथा पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन नजर आए। समाजसेवी श्याम भोजवानी ने कहा कि श्री शिव महापुराण कथा मनुष्य को श्रद्धा, संस्कार, सेवा और सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा का विश्राम श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक अनुभूति से भरा रहा। इस अवसर पर चांदनी भोजवानी, शिवानी रघुवंशी, गुंजन झा, प्रिया कुशवाह, क्षमा, खुशबू, सौम्या शर्मा, ममता, प्रिया भदौरिया, सुनीता देवी, राजोदेवी, पूनम देवी, रवीना, नीतू चौहान आदि मौजूद रहीं।

## स्वाद का अनोखा नाम 'आहार' रेस्टोरेंट

# फतेहाबाद रोड स्थित दूसरी यूनिट का भव्य उद्घाटन



टीएनएफ टुडे, आगरा।

फतेहाबाद रोड स्थित आहार रेस्टोरेंट की दूसरी यूनिट का भव्य उद्घाटन सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल ने फीता काटकर किया। उन्होंने आहार रेस्टोरेंट की सफलता की कामना करते हुए कहा कि आगरा में अपने स्वाद और गुणवत्ता के लिए पहचान बना चुका यह प्रतिष्ठान भविष्य में भी नई ऊंचाइयां हासिल करे और इसकी तीसरी यूनिट भी जल्द खुले। आहार रेस्टोरेंट के स्वामी सत्यपाल अरोड़ा ने कहा कि ग्राहकों का भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी पहचान है। स्वादिष्ट भोजन के साथ भरोसेमंद गुणवत्ता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उद्घाटन अवसर पर विधायक विजय शिवहरे, पूर्व पार्षद श्याम भोजवानी, बसंत गुप्ता, रोहित कत्ययाल, हरपाल सिंह,बंटी ओबरॉय, देवेंद्र सिंह जुल्का मौजूद रहे।

# पर्यावरण संतुलन पर किसान गोष्ठी आयोजित

टीएनएफ टुडे, आगरा।



भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के सस्य विज्ञान संभाग में डॉ. संजय सिंह राठौर, अध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक के मार्गदर्शन में संचालित परियोजना ॡभारत में प्रमुख फसल प्रणालियों की उत्पादकता को स्थायी रूप से बढ़ाने एवं पर्यावरणीय पदचिह्नों को कम करने हेतु किण्वित जैविक खादों का मूल्यांकन, प्रचार-प्रसार एवं विस्तारॡ के अंतर्गत ॡकिण्वित जैविक खाद से समृद्ध मृदा, आय वृद्धि एवं पर्यावरण संतुलनॡ विषय पर किसान गोष्ठी का आयोजन 17 अगस्त को शमसाबाद में किया गया। यह परियोजना मारुति सुजुकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से संचालित की जा रही है।

कार्यक्रम में डॉ. संजय सिंह राठौर, अध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक, सस्य विज्ञान संभाग, नई दिल्ली ने मुख्य अतिथि के रूप में किसानों को संबोधित किया। उन्होंने किण्वित जैविक खाद, मृदा स्वास्थ्य, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन एवं टिकाऊ कृषि के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मृदा की दीर्घकालिक उत्पादकता बनाए रखने के लिए जैविक एवं खनिज स्रोतों के संतुलित उपयोग, स्थानीय जैविक संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन तथा वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने किसानों से उपलब्ध जैविक संसाधनों का समुचित उपयोग कर उत्पादन लागत कम करने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने तथा कृषि को अधिक टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने का आह्वान किया। डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. स्मृति रंजन प्रधान, गीतम सिंह, कृषि अधिकारी, शमसाबाद, शिव कुमार सिंह सिकरवार, रामेश्वर पांडेय, सुमित भदौरिया, हरीश कुमार, संदीप सिकरवार, रोहित यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान के निदेशक तथा संयुक्त निदेशक (शोध एवं प्रसार) के मार्गदर्शन के साथ-साथ परियोजना के सह-अन्वेषकों डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. कपिला शेखावत, डॉ. सुभाष बाबू, डॉ. प्रवीण उपाध्याय, डॉ. ऋषि राज, डॉ. मोना नगरगड़े, डॉ. विशाल त्यागी एवं अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।



### देशभक्ति गीतों से गूँजी माधुर्य की सुरमयी संध्या

आगरा। स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर माधुर्य साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित देशभक्ति गीतों के भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रप्रेम, संगीत और साहित्य का सुंदर संगम देखने को मिला। संस्था अध्यक्ष निशि राज ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ आकाशवाणी के सेवानिवृत्त अधिकारी श्रीकृष्ण, पूर्व कार्यकारी निदेशक नीरज जैन एवं इंडियन आइडल फेम करतार सिंह यादव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। पखावज वादक गिरधारी लाल के निर्देशन में नन्हे कलाकारों की शास्त्रीय सरस्वती वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। संस्था संरक्षक डॉ. राजेंद्र मिलन ने अपने शुभाशीष एवं उद्बोधन से कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। देशभक्ति गीतों में निशि राज, मोहम्मद रईस, अनुराग किशोर वार्ष्णेय, ओम मिलन, गौरव शर्मा, उत्कर्ष तिवारी, मुकेश वर्मा, कुलश्रेष्ठ सहित अन्य कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। वहीं शरद गुप्ता, संजय गुप्त, रामेंद्र शर्मा ॡरविह्व, मोहित सक्सेना, हिरेंद्र नरवार, डॉ. यशोयश , पद्मावती, प्रभुदत्त उपाध्याय, विनय बंसल, गोपाल शर्मा सहित कवियों।

### कैलाश मेले के उपलक्ष्य में खंदारी तिराहे पर भंडारा

आगरा। श्रावण मास के पवित्र माह में तृतीय सोमवार को कैलाश मेले के उपलक्ष्य में खंदारी तिराहा स्थित शेल्टर होम, पुरानी चुंगी चौकी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय पार्षद सुनील शर्मा जी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आयोजित इस भंडारे में कैलाश मेले में आए हजारों भक्तजनों ने पूरे दिन प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के सफल संचालन में अनिल शर्मा, भानु शर्मा, ठाकुरदास सोन एवं संभव पांडे का विशेष सहयोग रहा। वहीं सर्व ब्राह्मण कुल समाज समिति आगरा पंजीकृत के पदाधिकारी आशुतोष गौतम, राजेंद्र पाराशर एवं विमल मिश्रा का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा, बृजेश गौतम, देवेंद्र शर्मा, हरिओम शर्मा, मूलचंद शर्मा, शिवदत्त शर्मा, भवतोष गौतम, श्रीमती प्रीति मिश्रा, नानक मिश्रा, श्रीमती दुर्गेश मुद्गल, मुकेश पाराशर, डॉ. रामेंद्र शर्मा एवं रवि (कवि) आदि उपस्थित रहे।

### 'ऑपरेशन नारकोस' के तहत मादक पदार्थ पकड़ा

आगरा। मंडल रेल प्रबंधक, आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एस. रामकृष्णन के निर्देशन में यात्रियों की सुरक्षा तथा रेलवे परिसरों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'ऑपरेशन नारकोस' के अंतर्गत व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आगरा मंडल में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 67.93 किलोग्राम गांजा बरामद कर 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में 16.635 किलोग्राम डोडा पाउडर के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा संचालित इस अभियान ने मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आगरा मंडल द्वारा इस प्रकार के अभियानों को निरंतर जारी रखते हुए यात्रियों को सुरक्षित, संरक्षित एवं नशामुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई है।

### एनपीएस अवेयरनेस इवेंट आयोजित

आगरा। होटल सेवन हिल्स टॉवर में एक दिवसीय नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) अवेयरनेस इवेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगरा के एमएसएमई, स्टार्टअप और विभिन्न प्रोफेशन से जुड़े दिग्गजों ने हिस्सा लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को नेशनल पेंशन सिस्टम के बारे में जागरूक करना और भविष्य के लिए बेहतर वित्तीय योजना बनाने की जानकारी देना रहा। नेशनल पेंशन सिस्टम के उप महाप्रबंधक सुधीर कुमार सिंह ने एमएसएमई और स्टार्टअप से जुड़े लोगों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि रिटायरमेंट के बाद आर्थिक सुरक्षा के लिए समय रहते निवेश और पेंशन प्लानिंग करना बेहद जरूरी है। सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि एनपीएस लोगों को लंबे समय के लिए निवेश करने का विकल्प देता है। इसके जरिए व्यक्ति अपने भविष्य और रिटायरमेंट के लिए नियमित रूप से धन का निवेश कर सकता है।

### स्वतंत्रता दिवस पर आरबीएस कालेज में पौधारोपण

आगरा। आरबीएस कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विजय श्रीवास्तव महोदय द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके उपरांत राष्ट्रगान एवं देशभक्ति के नारों से महाविद्यालय परिसर गुंजायमान हो उठा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। प्राचार्य महोदय, शिक्षकों एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# मेहताब बाग में किया शिव चालीसा पाठ

## हिंदू महासभा से जुड़े लोगों ने किए धार्मिक अनुष्ठान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्रावण के तीसरे सोमवार को तेजोमहालय का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में आ गया। मेहताब बाग में हिंदू महासभा से जुड़े लोगों ने धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान आरती की गई। गंगाजल अर्पित किया गया और शिव चालीसा का पाठ हुआ। भगवा ध्वज के साथ समर्थकों ने तेजोमहालय से जुड़े ऐतिहासिक दावों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जयघोष किया।

आयोजकों और समर्थकों का कहना है कि तेजो महालय को लेकर किए जा रहे ऐतिहासिक दावों का समाधान दबाव या राजनीतिक बयानबाजी से नहीं, बल्कि इतिहास, दस्तावेजों और प्रमाणों के आधार पर होना चाहिए। दरअसल, आगरा में तेजो महालय का मुद्दा लंबे समय से चर्चा और विवाद का विषय रहा है। श्रावण के तीसरे सोमवार को मेहताब बाग में हुए इस धार्मिक आयोजन के बाद एक बार फिर इस मुद्दे को लेकर बहस तेज हो गई है। सोमवार को कांवड़ यात्रा और अन्य धार्मिक आयोजनों के बीच तेजोमहालय को लेकर समर्थकों ने अपनी मांग दोहराई। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर ऐतिहासिक तथ्यों को सामने लाने की मांग की। उनका कहना है कि किसी भी ऐतिहासिक दावे का फैसला प्रमाणों और दस्तावेजों के आधार पर होना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने बढ़ाई कोटेदारों की मार्जिन मनी

- सूरसदन प्रेक्षागृह में देखा गया लखनऊ से लाइव प्रसारण

टीएनएफ टुडे, आगरा।



लोकभवन, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि करते हुए मार्जिन मनी को 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुन्तल कर दी गई। शुभारम्भ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सूर सदन प्रेक्षागृह में उपस्थित लोगों ने देखा और सुना।

जनपद आगरा की सभी तहसीलों में क्षेत्रवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग सभी विधानसभा स्थलों पर की गई। जनपद आगरा की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगणों द्वारा की गई। आगरा महानगर की विधानसभाओं-आगरा उत्तर, आगरा दक्षिण तथा आगरा छावनी का संयुक्त कार्यक्रम सूरसदन सभागार, संजय प्लेस, आगरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा, बबीता सिंह चौहान अध्यक्ष राज्य महिला आयोग तथा राजकुमार गुप्ता अध्यक्ष महानगर, अजय नारायण सिंह अपर जिलाधिकारी (ना०आ०) तथा आगरा महानगर के समस्त उचित दर विक्रेता आदि उपस्थित रहे।

# कुष्ठ आश्रम में चला स्वच्छता अभियान

## एचसीएल फाउंडेशन के 'माई क्लीन सिटी' कार्यक्रम के तहत आयोजन

टीएनएफ टुडे, आगरा।



एचसीएल फाउंडेशन के माई क्लीन सिटी कार्यक्रम के अंतर्गत, कुष्ठ आश्रम में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें एचसीएल फाउंडेशन की टीम ने प्रतिभागियों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, कचरे का उचित प्रबंधन करने, कचरे को इधर-उधर न फेंकने तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात आयोजित स्वच्छता अभियान में लगभग 50 से ज्यादा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान में युवा महिलायें एवं कुष्ठ आश्रम के वरिष्ठजनों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक जिम्मेदारी की भावना के साथ आश्रम एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई में योगदान दिया।

अभियान के दौरान कुल 79.6 किलोग्राम कचरा एकत्रित किया गया। जिसे निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उचित तरीके से निस्तारित कराया गया।

# माँ बाल विकास महिला उत्थान संस्था ने मनाया तीज उत्सव

टीएनएफ टुडे, आगरा।

सावन की बहार और बारिश की फुहार के बीच होटल वीएनए पैराडाइज, अवधपुरी चौराहा, आगरा के प्रांगण में 'हरियाली तीज उत्सव 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खुशियां बांटना और तीज के पावन पर्व को पारंपरिक उल्लास के साथ मनाना था। इस उत्सव का आयोजन माँ बाल विकास महिला उत्थान संस्था आगरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं के लिए ड्रेस कोड साड़ी/लहंगा (हरा) निर्धारित किया गया था, जिससे पूरा प्रांगण हरियाली के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र रही तीज क्वीन प्रतियोगिता, फुल मस्ती धमाल गेम्स, सरप्राइज गेम्स,डांस/म्यूजिक, विशेष गिफ्ट्स वितरण, जलपान व्यवस्था (स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ), गणमान्य अतिथियों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। संरक्षक रजनी चौहान, बबीता शर्मा, प्रेमा वर्मा (पूर्व पार्षद) और विमला देवी। संस्थापक/अध्यक्ष ₹सेविकाः पार्षद मीनाक्षी वर्मा (वार्ड - 73) मुख्य अतिथिः मधु बघेल, वरिष्ठ समाज सेविका एवं राधा शर्मा (वरिष्ठ समाज सेविका) कार्यक्रमों की जजिस कंचन ढींगरा, प्रेमा वर्मा, डॉ. रेशमा वर्मा, संचालन नीरू वर्मा ने किया। नीतू पंडित, प्रीति त्यागी, ज्योति अग्रवाल, पिंकी पुंडीर, संगीता आर्य, माला, रेनू बंसल, ज्योति सिन्हा मगबानी मौजूद रहीं। कार्यक्रम उपरांत सभी को संस्था अध्यक्ष पार्षद मीनाक्षी वर्मा द्वारा गिफ्ट दिए गए।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# विकास और विरासत की जुगलबंदी में धड़कती प्रेम की नगरी

सभ्यता और आधुनिकता जब किसी ऐतिहासिक शहर के आंगन में गले मिलती हैं, तो एक अनोखा दृश्य जन्म लेता है। आज हमारी प्रेम की नगरी भी बदलाव के इसी बेहद खूबसूरत और रूमानी दौर से गुजर रही है। एक तरफ जहां अतीत की धड़कन बनकर 'झमाझम' दौड़ती ट्राम विरासत की याद दिलाती है, वहीं दूसरी तरफ 'स्मार्ट सिटी' के नए प्रयोगों से करवट लेता बुनियादी ढांचा शहर को भविष्य की नई उड़ान दे रहा है। पुरानी और नई व्यवस्था के इस मिलन बिंदु पर आज शहर की सुहानी हलचल हर नागरिक के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सड़कों का चौड़ीकरण, सुसज्जित चौराहे और चमचमाती एलईडी लाइटें शाम के वक्त शहर को एक जादुई रोशनी से सराबोर कर देती हैं। इस आधुनिक चमक के बीच जब पुराने रास्तों से ट्राम की 'टन-टन' सुनाई देती है, तो ऐसा लगता है मानो गुजरा हुआ कल और आने वाला कल एक साथ कदमताल कर रहे हों। यह ट्राम सिर्फ परिवहन का साधन नहीं, बल्कि इस शहर के मिजाज की पहचान है, जो भागती-दौड़ती जिंदगी के बीच हमें थोड़ा ठहरने और इस नगरी की रूह को महसूस करने का मौका देती है। पर्यटन के लिहाज से भी ट्राम और आधुनिक सुख-सुविधाओं का यह संगम देश-विदेश के सैलानियों को एक अलग ही रोमांच से भर रहा है।हालांकि, इस रूमानी हलचल और विकास की राह में 'जाम' की समस्या एक बड़ी कसौटी बनकर उभरी है। हर बदलते और बढ़ते शहर की तरह यहां भी वाहनों का बढ़ता दबाव और जगह-जगह चल रहे निर्माण कार्य अक्सर सड़कों की रफ्तार पर ब्रेक लगा देते हैं। पीक आवर्स के दौरान लगने वाला यह जाम न केवल समय की बबार्दी है, बल्कि यह शहर के उस शांत और रूमानी अहसास को भी कुछ पल के लिए तनाव में बदल देता है। इस जाम से पार पाना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए नागरिकों को भी सार्वजनिक परिवहन को अपनाने और यातायात नियमों का पालन करने की आदत डालनी होगी।प्रेम की इस नगरी की असली खूबसूरती इसी बात में है कि यह आधुनिकता की अंधी दौड़ में अपनी सांस्कृतिक विरासत को खोने नहीं देती। स्मार्ट सिटी का मतलब सिर्फ कंक्रीट के ऊंचे ढांचे या तकनीक का जाल नहीं है, बल्कि इसका असली मकसद जीवन को सुगम और पर्यावरण को अनुकूल बनाना है। यदि हम अपनी ऐतिहासिक ट्राम सेवा को संरक्षित करते हुए यातायात प्रबंधन को चुस्त-दुरुस्त कर सकें, तो यह शहर दुनिया के लिए सतत विकास का एक बेहतरीन मॉडल बन सकता है। विरासत को सहेजकर ही विकास को मुकम्मल बनाया जा सकता है। प्रशासनिक मुस्तैदी और जन-भागीदारी के तालमेल से ही हम इस नगरी की रूमानी हलचल और इसके स्मार्ट स्वरूप को हमेशा जीवंत रख पाएंगे।

# सीजेआई के प्रति बढ़ रही नाराजगी

13 अगस्त को इउकचेयरमैन मनन कुमार मिश्रा ने राज्य बार काउंसिलों को निर्देश दिया कि NALSAR के 2026 बैच के छात्रों का अधिवक्ता के रूप में नामांकन अगले आदेश तक रोक दिया जाए। BCI ने यह कदम उन छात्रों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की जांच का हवाला देते हुए उठाया था। लेकिन यह आदेश कुछ ही घंटों में कानूनी बिरादरी और छात्रों के बीच भारी विरोध का कारण बन गया। सवाल उठा कि आखिर कुछ छात्रों के विरोध के जवाब में उनकी पूरी कक्षा के भविष्य को ही अधर में कैसे डाला जा सकता है? देश की प्रतिष्ठित कानून यूनिवर्सिटियों के छात्रों की ओर से सीजेआई सूर्यकांत का बढ़ता विरोध हर किसी को चौंका रहा है क्योंकि देश के इतिहास में ऐसा घटनाक्रम पहले कभी देखने में नहीं आया। हम आपको बता दें कि हैदराबाद की NALSAR से उठी छात्रों की असहमति अब बेंगलुरु की NLSIU तक पहुंच गई है और देखते ही देखते यह मामला एक दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के विरोध से कहीं बड़ा बन गया है। इस समय स्थिति यह है कि कानून यूनिवर्सिटियों के छात्र अब सीधे उन संस्थाओं और पदों की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं, जिन्हें कानून और न्याय की व्यवस्था का प्रहरी माना जाता है। इस पूरे घटनाक्रम के केंद्र में उखकसूर्यकांत को लेकर छात्रों की नाराजगी, BCI चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा की विवादित कार्रवाई और उसके बाद छात्रों के पक्ष में खड़ी होती कानून की युवा पीढ़ी है। सवाल अब सिर्फ यह नहीं है कि दीक्षांत समारोह में कौन आएगा, बल्कि यह है कि क्या असहमति जताने वाले कानून के छात्रों को अपनी आवाज उठाने की कीमत अपने भविष्य से चुकानी पड़ेगी? विरोध बढ़ा तो BCI को पीछे हटना पड़ा। संशोधित आदेश में कहा गया कि अधिकांश छात्र निर्दोष हैं और कुछ लोगों के कथित आचरण के लिए पूरी कक्षा को दंडित नहीं किया जा सकता। बाद में मनन कुमार मिश्रा ने छात्रों से माफी भी मांगी। उन्होंने कहा कि उनके किसी शब्द या पत्र से छात्रों की भावनाएं आहत हुई हों तो उन्हें इसका खेद है और छात्रों की भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। लेकिन माफी के बाद भी सबसे बड़ा सवाल वहीं खड़ा रहा कि क्या इउक को ऐसा आदेश देने का अधिकार था? उधर, BCI के लिए भी यह घटना आत्ममंथन का अवसर है। जिस संस्था पर देश में कानूनी पेशे के स्तर और अनुशासन को बनाए रखने की जिम्मेदारी है, उससे यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह अपनी हर कार्रवाई को स्पष्ट वैधानिक अधिकार और संस्थागत प्रक्रिया के आधार पर ही करे। NALSAR प्रकरण ने दिखा दिया है कि कानून की सबसे बड़ी ताकत उसका अधिकार नहीं, बल्कि उस अधिकार का संयमित और न्यायपूर्ण इस्तेमाल है। फिलहाल तस्वीर साफ है। एक तरफ देश की कानूनी व्यवस्था के शीर्ष पद हैं, दूसरी तरफ देश की प्रतिष्ठित कानून यूनिवर्सिटियों के छात्र। और इन छात्रों का संदेश भी उतना ही साफ है कि पद बड़ा हो सकता है, लेकिन संविधान उससे बड़ा है; संस्था शक्तिशाली हो सकती है, लेकिन कानून उससे ऊपर है।

-अनाम

# हिमालय की सेहत बिगाड़ रही है सुरंगें

> "भूमिगत जल का दबाव सहन नहीं कर पाती है। निर्माण के दौरान मशीनरी और मजदूर सब खतरे में पड़ जाते हैं। सुरंग के अंदर श्रमिकों की आवाजाही, मशीनरी, लोको ट्रेनों में माल ढुलाई, संचार और ट्रैफिक प्रबंधन का भी एक जोखिम है। जो ऑपरेशन सुरक्षा पर सीधा सवाल खड़ा करती है। 2023 के बाद सुरंग आधारित परियोजनाओं को लेकर अतिरिक्त निगरानी और व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई थी सुरंग में हर नयी खुदाई के साथ बदलते भूगर्भिक जोखिम का आकलन कितनी बार किया जाता है? जिसका कोई जवाब नहीं मिलता है।

○ सुरेश भाई



बाढ़, भूस्खलन,भूकंप के लिए अति संवेदनशील हिमालय को भूवैज्ञानिकों ने जोन 4 और 5 में रखा है। इसके बावजूद भी क्लीन एनर्जी के नाम पर सुरंग आधारित परियोजनाओं को महत्व दिया जा रहा है। जबकि वैश्विक स्तर पर क्लीन एनर्जी के दावे अस्थाई साबित हो रहे हैं। इस नाम पर जो निर्माण हो रहा है वह प्रकृति में अचंभित करने वाला विनाशकारी बदलाव ला रहा है। दूसरी ओर नदियों और जल स्रोतों के पुनर्जीवन और संतुलन के दावे भी कमजोर हैं। पहाड़ों की नसों को काटकर बिजली के सपनों को साकार करने के लिए नदियों को सुरंग में डाईवर्ट करने वाली परियोजनायें हिमालय की सेहत बिगाड़ रही है।

हिमालय में करोड़ों लोगों का निवास स्थान भी है लेकिन यहां से नीचे बहकर जा रही नदियों का रौद्र रूप जानलेवा बनता जा रहा है। इसलिए हिमालय को कितना भी रोज जपते रहेंगे उससे नुकसान की भरपाई कभी नहीं हो सकती है।क्योंकि विकास और पर्यावरण के बीच में जब संतुलन नहीं बना पा रहे हैं तो देखिए कि हिमालय क्षेत्र में लंबी-लंबी सुरंगों के निर्माण के बाद अनेकों जिंदगियां पिछले दो दशक में दफन हो गई इसके साथ ही हिमालय की अमूल्य प्राकृतिक संपदा का जो विनाश हुआ उसे वापस नहीं लौटाया जा सकता है।

इसी तरह बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर विष्णुगाड़-पीपलकोटी (444 मेवा) परियोजना पर वर्ष 2013-14 से कार्य प्रारंभ हुआ था और तब इसकी कीमत 1597 करोड रुपए थी। अनुबंध के आधार पर 54 महीनों में इसे पूरा करने का लक्ष्य था जिसे 2018 में पूरा होना था। लेकिन 8- 9 वर्ष अधिक व्यतीत हो जाने के बाद भी इसका बजट 6 हजार करोड़ से अधिक होने पर भी परियोजना निर्माण में बहुत लापरवाहियां सामने आई है। प्रभावित गांवों के लोगों ने अपनी सुरक्षा और विस्थापन के लिए धरना प्रदर्शन भी किया था जिसकी अनसुनी की गई। परियोजना में 13.4 किमी लंबी हेड रेस टनल के अलावा 3.04 लंबी टेल रेस टनल भी बनाई जा रही है जिसके द्वारा टरबाइन से होकर आने वाले पानी को अलकनंदा में छोड़ा जाएगा। लेकिन लगभग 16 किमी में अलकनंदा सूखी हुई स्थिति में दिखाई देगी। चार टरबाइन वाली इस परियोजना में भूमिगत निर्माण कार्य अधिक हो रहे है जहां मजदूर काम करते रहते हैं।13 अगस्त की घटना है कि पीपल कोटी के मायापुर क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान भारी बारिश के चलते टनल में लगभग 1.6 किमी तक भूधंसाव का मलबा और पानी जमा हो गया था। जहां काम कर रहे 22 से अधिक मजदूर फंस गये। जिनमें से 8 मजदूरों की जिंदगी खत्म हो गई है अभी भी उसमें लोग लापता हैं।आपदा राहत और बचाव दल द्वारा बड़ी मुश्किल से लगभग 12 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। इससे पहले भी 13 दिसंबर 2025 की रात परियोजना की निमार्णाधीन सुरंग के भीतर दो लोको ट्रेन की टक्कर हुई। उस समय भी 100 से अधिक मजदूर सुरंग के अंदर मौजूद थे जिसमें लगभग 80 लोग घायल हुए थे। हेलंग डैम साइड पर भी भूस्खलन की घटना हुई जिसमें आठ मजदूर घायल हुए थे। इसके अलावा निमार्णाधीन तपोवन- विष्णु गाड़ (520 मेवा)परियोजना की 12 किमी लंबी टनल में भी पानी का रिसाव होने लगा है। स्थिति यह बनी हुई है कि सुरंग के अंदर मजदूरों को जोखिमपूर्ण स्थिति में काम करना पड़ता है। परियोजना पर अधिकतर मजदूर छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा आदि राज्यों से है। उत्तराखंड के मजदूर बहुत न्यूनतम संख्या में हैं। यहां पर मारे गए मजदूरों को मुआवजे के रूप में 5 लाख की घोषणा की गई है जिसका स्थानीय बांध प्रभावित और मजदूर विरोध कर रहे हैं उन्होंने यहां निरीक्षण करने आये आपदा प्रबंधन मंत्री मदन कौशिक का घेराव किया है।

सुरंग हादसों का सिलसिला लंबे समय से जारी है जिसमें 7 फरवरी 2021 में भी ऋषि गंगा क्षेत्र में ग्लेशियर टूटने से अलकनंदा की सहायक धौली गंगा पर निर्मित ऋषि गंगा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट (13 मेवा) पूरी तरह जमींदोज हो गया था। जिससे आगे एनटीपीसी की विष्णु गाड़- तपोवन परियोजना में लगभग 208 मजदूर मारे गये थे।2009 में भी तपोवन-विष्णु गाड़ जल विद्युत परियोजना की सुरंग में निर्माण कार्य के दौरान भूमिगत पानी के अचानक बढ़ने से भूगर्भिक अध्ययन में यह बात सामने आई थी कि निर्माण के दौरान सुरंग में पानी का दबाव, विस्फोटों के उपयोग से चट्टानों में दरारें और कमजोर क्षेत्र में सुरंग की खुदाई करना चिंता का विषय था।

यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर आल वेदर सड़क की दूरी कम करने के उद्देश्य से निमार्णाधीन सिलक्यारा टनल में मलबा जमा होने से 12 नवंबर 2023 से 17 दिन तक 41 मजदूर फंसे रहे। इसके बाद केंद्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने दिसंबर 2025 में सुरंगों के ढहने की रोकथाम और बचाव के लिए एक गाइडलाइन जारी की थी। जिसमें मंत्रालय ने माना था कि हाल के वर्षों में हुये सुरंग हादसे से पहले परियोजना प्लानिंग के दौरान पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। लेकिन इस गाइडलाइन के अनुपालन में हुई लापरवाही के बाद पीपलकोटी जल विद्युत सुरंग में बड़ी संख्या में मजदूर घायल हुए थे।अभी 16 जुलाई 2025 को सिलक्यारा टनल के भीतर काम करने के दौरान एक मजदूर की जिंदगी चपेट में आ गयी। अगस्त 2025 में भी पिथौरागढ़ जिले की धौली गंगा पावर स्टेशन की सुरंग में हुये भूस्खलन में 19 कर्मचारी फंस गए थे। जिसमें कुछ को ही निकाला गया था। बाकी तक पहुंचना बचाव दल के लिए मुश्किल हो गया था। वाडिया भूगर्भ विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ० आरजे पेरूमल कहते हैं कि उत्तराखंड की सुरंग में सबसे नया दिखने वाला खतरा पानी है। बारिश का पानी सिर्फ सतह पर बहने वाला पानी नहीं बल्कि पहाड़ के भीतर चट्टानों में मौजूद दरारों से पानी नीचे आ जाता है जिसके कारण मालवा टूटकर सुरंग में जमा हो रहा है। सीधा अर्थ है कि बरसात के समय हिमालय की चट्टानों पर छेड़छाड़ से बचना चाहिए। अतः हिमालय में परियोजनाओं की सुरंग के आसपास के पहाड़, नदी, ग्लेशियर और मौसम को अलग करके नहीं देखा जा सकता है।

इन सब सावधानियो से ध्यान हटाकर ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन में 17 सुरंगों पर काम हो रहा है। जहां 30 गांव के जल स्रोतों पर प्रभाव पड़ा है। देहरादून से टिहरी तक 30 किलोमीटर अंडरग्राउंड रोड बनाने के लिए भी सुरंग खोदने का प्रस्ताव है। अल्मोड़ा बाईपास के लिए 1228 मीटर की सुरंग को स्वीकृति दी जा रही है। पिथौरागढ़ से चमोली को जोड़ने के लिए भी टनल बनाने के लिए केंद्र सरकार से कहा जा रहा है। देहरादून- मसूरी सुरंग के लिए भी प्रस्ताव विचाराधीन है। प्रदेश में 30 से अधिक परियोजनाओं की टनल बनाई जा चुकी है। उत्तरकाशी से यमुनोत्री तक टनल निर्माण पर विचार हो रहा है।उत्तराखंड में लगभग 1000 गांव इन सुरंगों के आसपास बसे हुए है जहां घरों में दरारें पड़ रही है और जल स्रोत सूख रहे हैं जिसका मूल्यांकन करने वाला कोई नहीं है। सुरंग निर्माण से कमजोर चट्टानें बहुत जल्दी टूट कर गिर रही है। (लेखक जाने-माने पर्यावरणविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)

# नई शिक्षा नीति में 'स्व' की भावना और आर्थिक विकास




भारत की शिक्षा परंपरा सदैव जीवन निर्माण की आधारशिला रही है। यहां शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति का साधन नहीं माना गया, बल्कि व्यक्ति के चरित्र निर्माण, सामाजिक चेतना और राष्ट्र की आत्मा से जोड़कर देखा गया। इसी मूल भावना को आधुनिक संदर्भों में पुनर्जीवित करने का प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से किया गया है। नई शिक्षा नीति का केंद्रीय उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम में परिवर्तन करना नहीं है, बल्कि शिक्षा के माध्यम से 'स्व' की भावना को जाग्रत कर आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त भारत का निर्माण करना है।

'स्व' की भावना का अर्थ आत्मबोध, आत्मसम्मान, स्वावलंबन और सामाजिक उत्तरदायित्व से है। जब व्यक्ति अपनी क्षमताओं को पहचानता है और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होता है, तभी वह समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। नई शिक्षा नीति इसी दृष्टिकोण को केंद्र में रखती है। नीति का उद्देश्य ऐसे नागरिक तैयार करना है जो केवल नौकरी तलाशने वाले न हों, बल्कि नवाचारकर्ता, उद्यमी और समाज परिवर्तन के वाहक बनें। इसके लिए मूल्य आधारित शिक्षा, योग, भारतीय ज्ञान परंपरा, पर्यावरण चेतना और सामुदायिक सहभागिता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है। इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिकता और आत्मविश्वास का विकास होता है, जो दीर्घकालिक आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक आधार तैयार करता है।

मातृभाषा और स्थानीय भाषा में शिक्षा पर दिया गया बल भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रारंभिक स्तर पर मातृभाषा में अध्ययन से बच्चों की समझ, रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति क्षमता मजबूत होती है। भाषा के माध्यम से व्यक्ति अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा रहता है। यह जुड़ाव आत्मविश्वास को बढ़ाता है और वैश्विक मंच पर अपनी पहचान के साथ आगे बढ़ने की क्षमता प्रदान करता है। जब युवा अपनी जड़ों से जुड़े होकर आधुनिक ज्ञान अर्जित करते हैं, तब वे नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में बेहतर योगदान दे पाते हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलती है। नई शिक्षा नीति में कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया गया है। कक्षा स्तर से ही व्यावहारिक प्रशिक्षण, स्थानीय उद्योगों से संपर्क और इंटर्नशिप की व्यवस्था युवाओं को रोजगारोन्मुख बनाती है। इससे शिक्षा और बाजार की आवश्यकताओं के बीच की दूरी कम होती है। कुशल मानव संसाधन देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। जब युवा अपने कौशल के बल पर आत्मनिर्भर बनते हैं, तो वे न केवल अपनी आजीविका सुरक्षित करते हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर उत्पन्न करते हैं। यह प्रक्रिया आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक स्थिरता को भी मजबूत करती है।

बहु-विषयक शिक्षा प्रणाली का प्रावधान विद्यार्थियों को संकीर्ण सोच से बाहर निकालकर व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है। विज्ञान, कला, तकनीक और सामाजिक विज्ञान का समन्वय व्यक्तित्व को संतुलित बनाता है। यह संतुलन व्यक्ति को जटिल समस्याओं का समाधान खोजने में सक्षम बनाता है। ऐसे विद्यार्थी भविष्य में उद्योग, शोध और प्रशासन के क्षेत्र में नवाचार के वाहक बन सकते हैं। यह नवाचार ही किसी भी अर्थव्यवस्था को प्रतिस्पर्धी और सशक्त बनाता है। डिजिटल शिक्षा और तकनीकी सशक्तिकरण भी नई शिक्षा नीति का महत्वपूर्ण आधार है। ऑनलाइन शिक्षा मंच, डिजिटल सामग्री और तकनीकी प्रशिक्षण युवाओं को वैश्विक ज्ञान से जोड़ते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा आधारित अर्थव्यवस्था के युग में तकनीकी रूप से दक्ष मानव संसाधन ही विकास की गति को बनाए रख सकता है। डिजिटल साक्षरता से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की खाई भी कम होती है, जिससे समावेशी विकास को बढ़ावा मिलता है।

भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ने का प्रयास आत्मगौरव की भावना को मजबूत करता है। योग, आयुर्वेद, गणित और दर्शन जैसे क्षेत्रों में भारत की प्राचीन उपलब्धियां आज वैश्विक स्तर पर नई संभावनाएं खोल रही हैं। स्वास्थ्य, वेलनेस और सांस्कृतिक पर्यटन जैसे क्षेत्रों में इससे आर्थिक गतिविधियों को व्यापक विस्तार मिला है। जब परंपरा और आधुनिकता का संतुलन स्थापित होता है, तब विकास अधिक टिकाऊ और मूल्य आधारित बनता है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। वंचित वर्गों, ग्रामीण क्षेत्रों और विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए किए गए प्रावधान समान अवसर की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। जब विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित होती है, तभी आर्थिक प्रगति व्यापक और स्थायी बनती है।

**निष्कर्षतः** नई शिक्षा नीति में 'स्व' की भावना और आर्थिक विकास एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। आत्मबोध से उत्पन्न आत्मनिर्भरता व्यक्ति को सशक्त बनाती है और सशक्त नागरिक ही मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव रखते हैं। यदि इस नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो भारत न केवल आर्थिक रूप से उन्नत बनेगा, बल्कि आत्मविश्वासी, मूल्यनिष्ठ और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राष्ट्र के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित करेगा।

**-प्रो0 लवकुश मिश्र, सामाजिक चिंतक, विचारक एवं शिक्षाविद तथा प्रोफेसर डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

दिनांक 19 अगस्त 2026 बुधवार

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़ (एस्ट्रो वास्तु शोधनम) मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृषभ मिथुन सिंह तुला और धनु राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। बुधवार का दिन प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश तथा बुद्धि के प्रदाता बुध देव की उपासना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन गणेश जी को दूर्वा दल अर्पित करने तथा गणपति अथर्वशीर्ष का वाचन करने से जीवन की समस्त रुकावटें दूर होती हैं और असीम ज्ञान आरोग्यता तथा व्यापारिक सफलता प्राप्त होती है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा और व्यावसायिक साख में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक बढ़ेगा। पुराने अटके हुए काम गति पाएंगे और सोची हुई योजनाएं सफलतापूर्वक क्रियान्वित होंगी। भगवान गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि से जुड़े मामले हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको कोई मुख्य जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मन प्रसन्न रहेगा। गणेश चालीसा का पाठ करें जिससे आपके घर में सुख समृद्धि का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। गणपति जी के सम्मुख घी का दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के द्वार खुलेंगे।

### कर्क

आज मानसिक रूप से आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान




महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद समाचार प्राप्त हो सकता है। रिद्धि सिद्धि के दाता को मोदक अर्पित करें जिससे आपकी चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन खरीदते समय अपने बजट का ध्यान रखें और अत्यधिक खर्च पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर केसर का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी मेहनत का बहुत सकारात्मक परिणाम प्राप्त होगा। बेसहारा लोगों को भोजन कराएं जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव विस्तृत होगा और उनके कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा। मंदिर में हरी मूंग की दाल दान करें जिससे आपके भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

आज धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे मन को असीम शांति मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। संकट नाशन गणेश स्तोत्र का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण थकावट महसूस हो सकती है। संबंधियों के साथ धन का लेनदेन करते समय पूरी सावधानी बरतें। गणेश मंत्र का जाप करें जिससे आपके भीतर नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

आज साझेदारी में चल रहे व्यापार में मनोनुकूल प्रगति होगी और नए सहयोगी सम्मिलित होने से काम को एक नई गति प्राप्त होगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा। विघ्नहर्ता गणेश जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के कष्ट दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने मामलों में आज आपके पक्ष में कोई सुखद खबर मिल सकती है। पक्षियों को अन्न खिलाएं जिससे आपके मन का भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

आज कला साहित्य और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को कोई महत्वपूर्ण पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान की शिक्षा को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं समाप्त होंगी। मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और साधनों में वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

बुधवार के दिन भवन के उत्तर या ईशान कोण को स्वच्छ रखकर वहां हरे पौधे स्थापित करने तथा हल्दी से स्वास्तिक चिन्ह निर्मित करने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा श्री गणेश की कृपा से परिवार का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि संवर्धित होती रहती है।

# रिफाइनरी में हर्ष और उल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस

## वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य पर काम करना हैः मुकुल अग्रवाल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



कान्हा की नगरी मथुरा में 80वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं वंदेमातरम के साथ मनाया गया। रिफाइनरी में राष्ट्र प्रेम की भावना को बढ़ावा देते हुए स्वतंत्रता दिवस बड़े जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, मथुरा रिफाइनरी मुकुल अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ की गयी।

श्री अग्रवाल ने परेड का निरीक्षण किया और जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी विविधता का सम्मान करते हुए राष्ट्र की एकता को बढ़ावा देना है। वर्ष 2047 तक अपने राष्ट्र को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्य करना है। इस अवसर पर मथुरा रिफाइनरी के सभी मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, कमांडेंट (सीआईएसएफ), ऑफिसर्स एसोसिएशन व कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि, कई गणमान्य अतिथि, सरपंच, पार्षद व प्रबुद्धजन के अलावा बड़ी संख्या में इंडियन ऑयल परिवार के सदस्य व बच्चे भी उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दीर्घ सेवा पुरस्कार, प्रतिभा सम्मान पुरस्कार, सामूहिक उपलब्धि पुरस्कार और कर्मचारियों को उनके बेहतरीन कामों के लिए विशेष प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उप्र पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (डुवासु), मथुरा में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का ज्ञान ह्लप्रयोगशाला से खेत तक, शोध से किसान तक और नवाचार से प्रभाव तकह्व पहुंचना चाहिए। शोध की सफलता को केवल शोध पत्रों, पेटेंट और तकनीकों की संख्या से नहीं मापा जाना चाहिए, बल्कि शोधकताओं को स्वयं से यह सरल प्रश्न भी पूछना चाहिएकृह्लहमारे शोध के कारण वास्तव में क्या बदला ?ह्व

डॉ. मित्र ने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल कक्षाओं और प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है। समयबद्ध कार्य, सार्वजनिक संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग, पारदर्शिता, जवाबदेही तथा विद्यार्थियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार भी सशक्त सार्वजनिक संस्थानों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कुलपति ने डा.मित्र ने कहा ह्लस्वतंत्रता हमें विरासत के रूप में मिली हैय विकसित भारत का निर्माण हमें अपने कर्मों से करना है।ह्व

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के कार्यालयों में गरिमामय समारोह आयोजित कर ध्वजारोहण किया गया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय भवन पर परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी ली।

वहीं, राजकीय संग्रहालय स्थित मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के कार्यालय में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाकर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त किया। इस अवसर पर सचिव आशीष कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम, अमरदीप सहित प्राधिकरण के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रार्थना-पत्रों पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होः डीएम

## तहसील छाता में संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम और एसएसपी ने सुनीं जन समस्याएं

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सोमवार को तहसील छाता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारीयों को तहसील दिवस में आने वाले आम जनमानस/शिकायतकताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/ तहसील दिवस में कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है, कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। उप जिलाधिकारी छाता अखिलेश कुमार ने अवगत कराया कि छाता तहसील में 63 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी सदर मोहित कुमार ने अवगत कराया है कि तहसील दिवस में 32 शिकायतें प्राप्त हुई है तथा 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी महावन प्राजक्ता त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील महावन में कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 01 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी मांट चंद्रभूषण प्रताप ने अवगत कराया कि मांट तहसील में 39 शिकायतें प्राप्त हुई और 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी गोवर्धन सुशील कुमार सिंह ने बताया कि गोवर्धन तहसील में 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# वसुंधरा वैशाली पर चला एमवीडीए का बुलडोजर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने सचिव आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में और उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन के निर्देश पर छाता क्षेत्र में बड़ी ध्वस्तीकरण कार्रवाई की।

सहायक अभियंता पंकज शुक्ला के अनुसार, केडी मेडिकल कॉलेज के सामने एनएच-19 पर करीब 15 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में एक अवैध कॉलोनी ह्यवसुंधरा वैशालीह्ण विकसित की जा रही थी। यह कॉलोनी अर्थ हाउसिंग एलएलपी कंपनी द्वारा विनय कुमार चौहान एवं राकेश चौधरी के माध्यम से बिना किसी स्वीकृत मानचित्र के विकसित की जा रही थी।

इस अवैध निर्माण के संबंध में 17 जून को प्राधिकरण सचिव द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए थे। चूंकि विकासकर्ता द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर अवैध निर्माण नहीं हटाया गया इसलिए सोमवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर की मदद से कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल और सड़कों को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माण के खिलाफ MVDA की यह कार्रवाई नियमानुसार आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किया गया कोई भी विकास प्राधिकरण की कार्रवाई से नहीं बचेगा।

# दीक्षित इंश्योरेंस फिनकॉर्प ने ऑटो चालकों को दिए उपहार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में दीक्षित इंश्योरेंस फिनकॉर्प द्वारा अनोखे अंदाज में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम, सिख एवं ईसाई समाज से जुड़े रिक्शा, ई-रिक्शा, ऑटो एवं टेंपो चालकों सहित कुल 100 लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के साथ उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

दीक्षित इंश्योरेंस फिनकॉर्प के निदेशक नरेंद्र दीक्षित ने बताया कि 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों के लिए विशेष रूप से उपहारों की व्यवस्था की गई।

इसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में एलसीडी टीवी, द्वितीय पुरस्कारः मिक्सर ग्राइंडर, तृतीय पुरस्कारः डिनर सेट के अलावा सात लोगों को ब्लूटूथ स्पीकर और 90 लोगों को सांत्वना उपहार दिए गए।समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा कि बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति समाजसेवा के साथ-साथ राष्ट्रीय पर्वों को भी अपने अनोखे अंदाज में मनाती रही है।




ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों को उपहार भेंट कर सम्मानित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा, संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित, राष्ट्रीय महासचिव बंसीलाल शर्मा एवं अन्य।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा एडवोकेट ने किया। भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय महामंत्री बंसीलाल शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ाने का कार्य करते हैं।

संरक्षक मुन्नीलाल दीक्षित ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व हमेशा समाज को एक-दूसरे से जोड़ने का संदेश देते हैं। इस अवसर पर रिंकी दीक्षित, शिवांगी चौधरी, चंद्रमोहन दीक्षित, आयुष शर्मा, कुंजी पंडित, भूपेंद्र चाहर, शिवम दीक्षित, कुशाग्र दीक्षित, गौरव सक्सेना, जय ठाकुर सहित अनेक लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# ब्रज की धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराएंगे गाइड

**मथुरा-वृंदावन में लोकल लेवल गाइड प्रशिक्षण के लिए उप्र पर्यटन विभाग ने 31 अगस्त तक मांगे आवेदन**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा /लखनऊ।

वाराणसी और अयोध्या के साथ अब मथुरा-वृंदावन आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग (पर्यटन प्रबंध संस्थान) स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित गाइड तैयार करेगा। इसके लिए ह्यलोकल लेवल गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रमह्ण आयोजित होने जा रहा है।

प्रशिक्षण की अवधि आठ सप्ताह होगी। इसमें छह सप्ताह सैद्धांतिक तथा दो सप्ताह स्थानीय स्तर पर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के उत्तर प्रदेश के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को तहसीलदार द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा में सफलता के बाद काउंसिलिंग के आधार पर किया जाएगा। आवेदन शुल्क 500 रुपये तथा प्रशिक्षण शुल्क 10,500 रुपये निर्धारित है। महिला अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण निःशुल्क रहेगा।

**31 अगस्त तक जमा होगा आवेदन**

ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र संस्था की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अलावा ऑफलाइन आवेदन पत्र मा. कांशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान, विनहटझ्रमल्हौर रेलवे स्टेशन रोड, विकल्प खंड-2, गोमती नगर, लखनऊ-226010 से किसी कार्यदिवस में प्राप्त किया जा सकता

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

थाना हाईवे क्षेत्र में रेलवे लाइन के पास ट्रेन की चपेट में आने से 17 साल के किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बुलंदशहर के सराय सरूपा निवासी कार्तिक पुत्र मिठन लाल के रूप में हुई है। मृतक अपनी मां की डांट से नाराज होकर घर से निकला था। काफी देर तक कार्तिक के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच पुलिस को रेलवे लाइन के पास एक किशोर के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी। परिवार के लोग मथुरा पहुंचे और शव की पहचान की।

परिजनों के मुताबिक, कार्तिक को उसकी मां ने किसी बात को लेकर डांटा था। इसके बाद वह नाराज होकर घर से निकल गया। परिवार को उम्मीद थी कि वह कुछ देर बाद वापस आ जाएगा, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश शुरू की।

# बृजवासियों की मिठास पर महंगाई की मार, चीनी बनी आर्थिक बोझ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ पारंपरिक मिठाइयों के लिए भी देशभर में प्रसिद्ध है। मथुरा का पेड़ा, रबड़ी, लड्डू और अन्य मिष्ठान न केवल ब्रजवासियों की पहचान हैं, बल्कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की पहली पसंद भी हैं। ऐसे में चीनी की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों के साथ-साथ मिठाई कारोबार से जुड़े व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है।

पिछले तीन महीनों में चीनी के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है। जून और जुलाई में चीनी का थोक भाव 4400 रुपये प्रति क्विंटल था, लेकिन अगस्त में इसमें अचानक उछाल आ गया और कीमत 5900 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई। यानी महज दो महीने में चीनी के दाम में 1500 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है।

बढ़ती कीमतों का सीधा असर मथुरा के प्रसिद्ध मिठाई उद्योग पर पड़ने की आशंका है। ब्रज क्षेत्र में हजारों परिवार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दूध और मिष्ठान व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। ऐसे में चीनी के दाम बढ़ने से मिठाइयों के निर्माण की लागत लगातार बढ़ रही है। 111 साल पुरानी चीनी फर्म के मंडी समिति के वरिष्ठ व्यापारी अनुराग अग्रवाल ने चीनी की बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चीनी केवल एक खाद्य पदार्थ नहीं है, बल्कि यह आम लोगों के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चाय से लेकर मिठाइयों तक हर घर में चीनी का उपयोग होता है। ऐसे में इसकी कीमतों में लगातार वृद्धि आम लोगों के बजट को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि त्योहारों का मौसम शुरू होने वाला है और आने वाले दिनों में जन्माष्टमी, राधाष्टमी, नवरात्र, दशहरा, दीपावली और अन्य धार्मिक आयोजनों के कारण मिठाइयों की मांग बढ़ जाएगी। यदि चीनी की कीमतों में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो मिठाइयों के दाम बढ़ना लगभग तय माना जा रहा है।

# जैंत में लगा नाग पंचमी का मेला, उमड़ी भीड़

## जैत के कालिया नाग मंदिर में पूजा-अर्चना कर मांगी मनौतियां

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, जैंत।

द ब्रज फाउंडेशन के सहयोग से बेस्ट टूरिज्म विलेज जैत में आयोजित पारंपरिक ऐतिहासिक नागपंचमी मेला में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जैत गांव के जयकुंड में बिखरी नैसर्गिक सौंदर्य की अनुपम छटा के मध्य देश के कौने कौने से आकर नाग देवता को प्रसन्न करने के लिए लोगों ने अनुष्ठान किए।

मेले का शुभारम्भ जिला सहकारी बैंक के संचालक ठाकुर उमेश प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर अजीत सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान दलबीर सिंह, मंदिर के पुजारी पंडित रितेश गौतम, हरेंद्र सिंह एडवोकेट, प्रमोद सिंह, लाखन सिंह, पदम सिंह, एवं बनवारी लाल आदि ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं संभाली। मेले के सफल आयोजन के लिए मेला संयोजक आनंद यादव ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों एवं पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



**जय कुंड के गंदे पानी में श्रद्धालुओं ने किया स्नान व आचमन**

जब दिल में भाव और आस्था हो तो जहर भी अमृत हो जाता है। यही भाव नाग मंदिर पर आए श्रद्धालुओं का था। उन्हें मालूम होते हुए भी कि जय कुंड में गांव की नालियों का गंदा पानी आ रहा है फिर भी श्रद्धा भाव से भक्तजनों ने इस पानी से आचमन के साथ-साथ स्नान भी किया। स्थानीय लोगों ने यह नजारा देखा तो हृदय द्रवित हो गया और प्रशासन को कोसने लगे। श्रद्धालुओं की तरह प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी भी जयकुंड में आचमन करें। इस विकराल समस्या के स्थाई समाधान के लिए काफी समय से एप्रोच रोड और नाला निर्माण करवाने की मांग की जा रही है, परंतु प्रशासन सरकारी जमीन से अतिक्रमणों को हटाने में रुचि नहीं ले रहा है।

# 7 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस पर मिला गोल्ड और सिल्वर प्रशंसा चिन्ह

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा जनपद मथुरा में तैनात 07 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और अदम्य साहस के लिए सम्मानित किया गया।

आगरा जोन कार्यालय के नवनिर्मित भवन प्रांगण में आयोजित एक भव्य अलंकरण समारोह के दौरान नरेन्द्र पाल सिंह (प्रभारी सम्मन सैल) को सिल्वर प्रशंसा चिन्ह, अजय कौशल (प्रभारी निरीक्षक, थाना रिफाइनरी, जनपद मथुरा) गोल्ड प्रशंसा चिन्ह, अजय कुमार (थानाध्यक्ष, सुरीर, जनपद मथुरा) को गोल्ड प्रशंसा चिन्ह, उ0नि0स0पु0 राकेश कुमार (पुलिस लाइन, जनपद मथुरा) को सिल्वर प्रशंसा चिन्ह, उ0नि0स0पु0 जगदेव सिंह यादव (पुलिस लाइन, जनपद मथुरा) को सिल्वर प्रशंसा चिन्ह, मु0आ0स0पु0 अरविन्द पाल सिंह (पुलिस लाइन, जनपद मथुरा) को सिल्वर प्रशंसा चिन्ह, आरक्षी ना0पु0 सुमित सिंह (सर्विलांस सैल, जनपद मथुरा) को सिल्वर प्रशंसा चिन्ह प्रदान किए गए।

इस उपलब्धि से मथुरा पुलिस विभाग में हर्ष का माहौल है और सभी सम्मानित कर्मियों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए बधाइयां दी जा रही हैं।

# 3 चोर गिरफ्तारः चोरी के केबल-तार और 2200 नकद बरामद

**मथुरा।** महावन पुलिस ने रविवार को तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी का सामान और 2200 रुपये नकद बरामद किए हैं। यह गिरफ्तारी जगदीशपुर-मनोहरपुर अंडरपास के पास से की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान केशव (25), दीपक (19) और बंशी (29) के रूप में हुई है। केशव और दीपक दोनों मथुरा के महावन थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव के निवासी हैं, जबकि बंशी मथुरा के बलदेव थाना क्षेत्र के रीढ़ा कस्बे का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों को 16 अगस्त 2026 को रात 9:36 बजे 119 किलोमीटर जगदीशपुर-मनोहरपुर अंडरपास से करीब 25 कदम पहले मनोहरपुर की ओर से पकड़ा गया।

# बाबा बलिराम समाज कल्याण ट्रस्ट ने निकाली बौद्ध धर्म यात्रा

**अछनेरा।** बाबा बलिराम समाज कल्याण ट्रस्ट की ओर से बौद्ध धर्म यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ सुबह करीब आठ बजे चौपाल जाटबान बड़ी बस्ती से हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बौद्ध धर्म यात्रा चौपाल जाटबान बड़ी बस्ती से शुरू होकर बागोर मोहल्ला, स्टेशन रोड होते हुए आंबेडकर पार्क पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। यात्रा के दौरान लोगों ने बौद्ध धर्म के संदेश के साथ सामाजिक एकता, समानता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ लोगों को आपसी भाईचारे, समानता और सामाजिक एकता के लिए प्रेरित करना है। यात्रा के दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने व्यवस्था संभालने में सहयोग किया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष लालसिंह, शांतिप्रसाद, प्रमोद कुमार, जसवंत सिंह, मानसिंह, अशोक कुमार, सभासद किशन सिंह, हनुमान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



# गरीब की थाली तक पूरा अन्न पहुंचाना कोटेदारों की जिम्मेदारी: अनुजेश प्रताप

## सीएम योगी ने दी सौगात, करहल में अनुजेश प्रताप यादव ने उचित दर विक्रेताओं को दिलाई ईमानदारी से राशन वितरण की शपथ

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

मुख्यमंत्री उ.प्र. शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा उचित दर विक्रेताओं के लाभांश वृद्धि का उपहार एवं सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉश आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली के शुभारंभ का सजीव प्रसारण जनपद की समस्त विधान सभाओं में किया गया, विधानसभा सदर में जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, विधानसभा भोगांव में विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री, विधानसभा करहल में अनुजेश प्रताप यादव एवं विधानसभा क्षेत्र किशनी में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किये गये।

तहसील करहल के सभागार में उपस्थित उचित दर विक्रेताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा क्षेत्र करहल के पूर्व प्रत्याशी अनुजेश प्रताप सिंह ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल से केन्द्र-प्रदेश सरकार राशन कार्ड धारकों को प्रतिमाह निःशुक्ल खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है, सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा में पात्र तक खाद्यान्न पहुॅचाने की जिम्मेदारी आप सबके ऊपर है, आप पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ कार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में समय से खाद्यान्न मुहैया करायें। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार ने आप सबकी समस्याओं को दृष्टिगत रख लाभांश में वृद्धि की गयी है साथ ही आपको अन्नपूर्णा योजना के अन्तर्गत पक्की दुकानों को निर्माण कराकर उपलब्ध कराया गया है ताकि आप राशन वितरण के उपरांत दुकान से अन्य सामग्री की बिक्री कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

भोगांव में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री ने कहा कि उचित दर विक्रेता गरीबों की थाली तक अन्न पहुंचाने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, आपके ऊपर गरीब व्यक्ति को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है, आप समय से राशन कार्ड धारकों को निःशुक्ल खाद्यान्न उपलब्ध करायें ताकि कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा न सोए। उन्होने कहा कि केन्द्र-प्रदेश सरकार मिशन अन्त्योदय के अन्तर्गत समाज के निचले पायदान के व्यक्ति तक संचालित योजनाओं का लाभ पहुॅचाने के लिए प्रतिबद्ध है, केन्द्र-प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ बिना किसी



भेद-भाव के समाज के प्रत्येक वर्ग के पात्र व्यक्ति को मिल रहा है।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ममता राजपूत ने कहा कि आज से उचित दर विक्रेताओं को नई पहचान, जिम्मेदारी मिली है, अब वह केवल कोटेदार के रूप में नहीं बल्कि अन्नपूर्णा केंद्र संचालक के रूप में जाने जाएंगे, सरकार ने उनकी प्रोत्साहन राशि रू. 90 से बढ़ाकर रू 125 प्रति कुंतल कर दी है, जो गेहूं, चावल दोनों के वितरण पर लागू होगी इसके साथ ही अन्नपूर्णा केंद्रों पर दैनिक जरूरत की अन्य वस्तुएं रखने की सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा केंद्र संचालकों के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, उनका दायित्व है कि सरकार की खाद्यान्न योजना का लाभ केवल पात्र लोगों तक पहुंचे और किसी भी अपात्र व्यक्ति को इसका लाभ न मिले, जो लोग वास्तव में गरीब, जरूरतमंद, मजदूर या आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें पूरी ईमानदारी से निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि नाप-तौल में किसी प्रकार की कमी या हेरा-फेरी न हो, जिस माप के अनुसार राशन देना है, उसका पात्र भी सही हो, लाभार्थी को पूरा राशन मिले सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि पहले कई स्थानों पर घरों या ऐसे स्थानों से राशन का वितरण होता था जहां सीलन आदि के कारण खाद्यान्न के खराब होने की आशंका रहती थी, अब अन्नपूर्णा केंद्रों के लिए पक्के और व्यवस्थित भवन बनाए जा रहे हैं, जिससे खाद्यान्न का सुरक्षित भंडारण और वितरण संभव होगा।

किशनी में कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के उपरांत पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान ने कहा कि आज प्रदेश में लगभग 78 हजार उचित दर विक्रेताओं के लाभांश को रू. 90 से बढ़ाकर अब रू. 125 प्रति कुंतल किया गया है इसके अलावा डोर-स्टेप डिलीवरी के माध्यम से राशन उचित दर दुकानों तक पहुंचाया जा रहा है, अन्नपूर्णा भवन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, ई-पॉश मशीन के माध्यम से वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है, सरकार ने उचित दर विक्रेताओं के काम को सुगम बनाने के साथ उनकी आय, सम्मान का भी ध्यान रखा है।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने उचित दर विक्रेताओं से कहा कि सरकार गरीब, वंचित, शोषित और जरूरतमंद परिवारों तक निःशुल्क खाद्यान्न पहुंचाने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है, उचित दर विक्रेता इस व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं इसलिए उनका दायित्व केवल राशन का वितरण करना नहीं बल्कि प्रत्येक पात्र परिवार तक उसका हक का अन्न सम्मान और मानवीय संवेदना के साथ पहुंचाना भी है। उन्होने कहा कि अन्न का दान सबसे बड़ा दान माना गया है, किसान खेत में अन्न पैदा करता है और उचित दर विक्रेता उसी अन्न को गरीब की थाली तक पहुंचाने का कार्य करता है, इस दृष्टि से उचित दर विक्रेता भी अन्नदाता की भूमिका निभा रहे हैं, सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति भूखा न सोए, प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को समय से उसका खाद्यान्न उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि पहले राशन वितरण व्यवस्था में उचित दर विक्रेताओं के सामने कई व्यावहारिक समस्याएं रहती थीं, उन्हें खाद्यान्न की व्यवस्था करने, लाभार्थियों द्वारा पूरा राशन न उठाने तथा शेष खाद्यान्न के संबंध में परेशानियों का सामना करना पड़ता था, कई बार ईमानदारी से काम करने वाले विक्रेता भी ऐसी परिस्थितियों में कठिनाई में पड़ जाते थे, अब व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है, सिंगल स्टेज, डोर-स्टेप डिलीवरी, ई-पॉश मशीन, कैरी फॉरवर्ड और तकनीक आधारित निगरानी ने व्यवस्था को पहले से अधिक सरल और पारदर्शी बनाया है। उन्होंने कोटा डीलर से कहा कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर राशन वितरण के दौरान राशन कार्ड धारकों के बैठने, पीने के पानी की व्यवस्था करें, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाए यदि किसी दुकान पर लोग लाइन में खड़े हैं और कोई बुजुर्ग, महिला या दिव्यांग व्यक्ति लंबे समय से अपनी बारी का इंतजार कर रहा है तो उसे पहले राशन उपलब्ध कराया जाए। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि पहले तहसील दिवस और अन्य शिकायत निवारण मंचों पर राशन वितरण से संबंधित शिकायतें बड़ी संख्या में प्राप्त होती थीं, कई अवसरों पर कुल शिकायतों में 40-50 प्रतिशत तक शिकायतें राशन वितरण व्यवस्था से जुड़ी होती थीं, अब स्थिति में बड़ा बदलाव आया है और ऐसी शिकायतें एक प्रतिशत से भी कम रह गई हैं, यह उपलब्धि पारदर्शी व्यवस्था के साथ-साथ उचित दर विक्रेताओं के बेहतर कार्य का भी परिणाम है। उन्होंने कहा कि उचित दर विक्रेता की भूमिका अब एक प्रकार से डाकघर की तरह है, सरकार की ओर से जो खाद्यान्न भेजा गया है, उसे बिना किसी कटौती, अनियमितता के सही लाभार्थी तक पहुंचाना है, जिस व्यक्ति का जितना हक है, उसे उतना ही खाद्यान्न मिलना चाहिए, सरकार गरीबों के कल्याण के लिए संसाधन उपलब्ध करा रही है और प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होने कहा कि ह्यरोटी, कपड़ा और मकानह्व में रोटी मनुष्य की सबसे मूल-भूत आवश्यकता है, गरीब की थाली में रोटी पहुंचाने में उचित दर विक्रेताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है यदि किसी परिवार को समय से खाद्यान्न मिल जाता है तो उसके जीवन की बड़ी चिंता दूर होती है, इसलिए इस कार्य को केवल व्यवसाय न मानकर जनसेवा के रूप में लिया जाना चाहिए।

इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, करहल, श्याम प्रताप सिंह, सुनिष्ठा सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक संतोष कुमार श्रीवास्तव, अमर सिंह के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष अरविन्द तोमर, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. विमल पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष पंकज भदौरिया, जिला महामंत्री हरीओम दुबे, सुमित चौहान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल बाल्मीकि, कल्पेन्द्र भारती, बड़ी संख्या में कोटा डीलर, प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# दोबारा कब्जा करने वालों को भू-माफिया में करें चिन्हित, दर्ज हो एफआईआर: डीएम

टीएनएफ टुडे, करहल।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील करहल में जन-शिकायतें सुनते हुए जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों को भूमि विवाद और अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक बार कब्जा हटवाने के बाद दोबारा कब्जा करने की शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को भू-माफिया के रूप में चिन्हित कर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई जाए।

डीएम ने कहा कि जिन गांवों में भूमि विवाद से संबंधित अधिक शिकायतें हैं, वहां विशेष मिशन समाधान दिवस के तहत चौपाल लगाकर समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। चौपाल में कम से कम 10 लेखपालों के साथ उप जिलाधिकारी, तहसीलदार या नायब



तहसीलदार में से एक राजस्व अधिकारी तथा पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहे। शिकायतों का निस्तारण दोनों पक्षों की मौजूदगी में किया जाए। कार्यवाही में अवरोध उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालय में विचाराधीन भूमि विवादों में मौके पर कोई निर्णय न लिया जाए और न्यायालय के आदेश तक यथास्थिति बनाए रखी जाए। सार्वजनिक भूमि और चकमार्गों पर अवैध कब्जों को तत्काल हटवाने के साथ चकमार्गों की पैमाइश कराकर संबंधित सचिव के माध्यम से मिट्टी का कार्य कराया जाए। जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थायी अथवा अस्थायी नाली बनाकर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

विरासत दर्ज करने के मामलों में डीएम ने कहा कि ह्यमिशन संवेदनाह्व के तहत अविवादित फौती के प्रकरण प्राथमिकता से दर्ज किए जाएं। पुराने लंबित मामलों में भी विवाद न होने की स्थिति में तत्काल फौती दर्ज कराई जाए, किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो।

पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने पुलिस से संबंधित शिकायतें सुनकर अधीनस्थ अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में भूमि पर अवैध कब्जा, चकरोड खुलवाने, विद्युत बिल ठीक कराने, पुराने तालाब से मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, पट्टे की भूमि को संक्रमणीय कराने, मारपीट तथा चकरोड की पुनः पैमाइश सहित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं। सभी प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए सौंपे गए।

इस दौरान एसडीएम सुनिष्ठा सिंह, एसडीएम न्यायिक केशव प्रसाद, सीओ अजय पाल सिंह चौहान, सीएमओ डॉ. आरसी गुप्ता, तहसीलदार अरविन्द गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## तृतीय कावड़ रथ यात्रा 19 को आएगी शहर में, तैयारियां जोरों पर

**शिकोहाबाद।** श्री भीमाशंकर तृतीय कावड़ रथ यात्रा 19 अगस्त बुधवार को शिकोहाबाद में आ रही है। इसको लेकर आयोजकगण पूरी तैयारी में जुटे हुए हैं। बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में यात्रा को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रेस वार्ता में बताया कि यह कावड़ रथयात्रा इस बार पहले से भी अधिक भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप में नगर में निकाली जाएगी। रथ यात्रा 18 अगस्त को सोरों के लहरा घाट से सांय 6 बजे रथयात्रा रूपी कांवड़ में लेकर प्रारंभ होगी, जो एटा, जसराना होती हुई शिकोहाबाद शहर में 19 अगस्त को शाम करीब 5 बजे आएगी । इसके बाद एटा चौराहा होती हुई नगर के प्रमुख शिवालय चौमुखी महादेव मंदिर में शिवभक्तों द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा। उसके पश्चात नगर के मुख्य बाजार कटरा बाजार, पक्का तालाब, तहसील तिराहा, नारायण तिराहा से होती हुई शाम 7 बजे बड़ा बाजार काली देवी मंदिर के निकट श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि शिकोहाबाद में महिलाओं द्वारा रथ को खींचा जाएगा।

# 200 मीटर अधूरे नाले का निर्माण पूरा कराने की मांग, डीएम से लगाई गुहार

टीएनएफ टुडे, करहल।

नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या से परेशान गढ़िया चौराहा बाईपास मार्ग के निवासी अवनीश कुमार ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर करीब 200 मीटर अधूरे पड़े पक्के नाले के निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग की है। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र देकर समस्या का जल्द समाधान कराने की गुहार लगाई है।

अवनीश कुमार ने बताया कि करहल के गढ़िया चौराहा बाईपास से सिरसागंज चौराहे तक करीब 600 मीटर पक्के नाले का निर्माण कार्य प्रस्तावित था। निर्माण कार्य के दौरान करीब 260 मीटर नाले का निर्माण कराया गया, लेकिन इसके बाद लगभग 200 मीटर नाले का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया। नाला अधूरा होने के कारण आसपास के लोगों को जलभराव की समस्या से लगातार जूझना पड़ रहा है।



पीड़ित का कहना है कि क्षेत्र के करीब आठ मोहल्लों का गंदा पानी गढ़िया चौराहे की ओर आता है। नाले का निर्माण पूरा नहीं होने के कारण पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो पा रही है। बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है तथा चौराहे और आसपास के मार्गों पर जलभराव हो जाता है। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जलभराव के कारण आसपास स्थित मकानों को भी नुकसान पहुंच रहा है। लंबे समय तक पानी जमा रहने से मकानों की नींव और दीवारों पर भी असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अधूरे नाले का निर्माण शीघ्र पूरा करा दिया जाए तो जल निकासी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

अवनीश कुमार ने जिलाधिकारी से मांग की है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजकर अधूरे पड़े नाले का निरीक्षण कराया जाए और करीब 200 मीटर शेष निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराया जाए, ताकि गढ़िया चौराहे सहित आसपास के आठ मोहल्लों के लोगों को जलभराव और गंदे पानी की समस्या से राहत मिल सके। जिलाधिकारी से कार्रवाई की उम्मीद जताते हुए पीड़ित ने समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

## रोटी बैंक संस्था के पदाधिकारियों द्वारा कांवड़ियों का किया स्वागत

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

सोरों से गंगाजल लेकर बटेश्वर ( आगरा ) जा रहे कांवड़ियों का शिकोहाबाद के एटा चौराहा पर स्वागत किया गया तथा फल आदि वितरित किए गए। रोटी बैंक संस्था के लोगों और समाजसेवियों ने उनका स्वागत किया तथा फलाहार किया गया । इस दौरान बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे, जिससे वातावरण शिवमय हो गया। कासगंज के सोरों घाट से गंगाजल लेकर कांवड़िया शिकोहाबाद होकर आगरा के बटेश्वर जाते हैं। वहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। इस बार कांवड़ यात्रा को लेकर शासन प्रशासन ने बेहतर व्यवस्थाएं की हैं। एटा चौराहा पर रोटी बैंक के संयोजक राजीव गुप्ता तथा अन्य लोगों के सहयोग से कांवड़ियों के लिए शिविर लगाया गया है। इसमें उनके खाने पीने की भी व्यवस्था की है। इधर राजीव गुप्ता ने बताया कि रोटी बैंक द्वारा हर साल शिविर लगाया जाता है। इस मौके पर नगर पालिकाध्यक्ष रानी गुप्ता, प्रिंस जैन, राजकुमार अग्रवाल, अध्यक्ष वरुण सिंघल अप्पू, विवेक अग्रवाल (जिला उपाध्यक्ष भाजपा), सचिन सिंघल, आशीष अग्रवाल, संजीव शाह, प्रिंस जैन (सभासद), मनोज गुप्ता, रोहित गुप्ता, शिवम मित्तल, हृदयराम यादव, नानक चन्द्र, संजीव गुप्ता कुक्कू, सचिन आदि ने कांवड़ियों का स्वागत किया। इधर प्रशासन द्वारा भी कांवड़ियों के लिए व्यवस्थाएं की गई ।

## किसानों व नगर की समस्याओं को लेकर भाकियू क्रान्ति ने सौंपे एसडीएम को ज्ञापन

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

भारतीय किसान क्रान्ति यूनियन के तहसील अध्यक्ष आकाश कुमार के नेतृत्व में किसानों एवं नगरवासियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए हैं । पहले ज्ञापन में किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। इसमें आवारा पशुओं को सरकारी गौशालाओं में भेजने, किसानों की फसलों को आवारा पशुओं से हो रहे नुकसान पर रोक लगाने, डीएपी एवं यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता, खाद की कालाबाजारी पर रोक, फॉर्मर रजिस्ट्री से संबंधित समस्याओं का समाधान, विद्युत आपूर्ति, सिंचाई एवं नहरों में पर्याप्त पानी सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। वहीं दूसरे ज्ञापन में नगर पालिका शिकोहाबाद से संबंधित समस्याओं को उठाया गया। इसमें रेलवे स्टेशन रोड सहित नगर क्षेत्र में खुले घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में भेजने, नई गौशाला में पर्याप्त गोवंश रखने एवं उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करने, माधोगंज एवं स्टेशन रोड के नालों की सफाई, पेयजल व्यवस्था एवं नलों की सफाई, कूड़ा निस्तारण, स्ट्रीट लाइट, जलभराव तथा स्टेशन रोड पर पार्कों के निर्माण एवं विकास को शीघ्र पूरा कराने की मांग की गई। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों एवं आमजन की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान क्रान्ति यूनियन लगातार संघर्ष करता रहेगा। इस अवसर पर योगेश यादव, कमल किशोर यादव, एड. पुष्पेंद्र कुमार यादव, राम यादव, आयुष, रवीश कुमार, नागेन्द्र, मोहित, रामेंद्र, रामव्रेश, कालू,गौतम कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करहल में दबंगों ने बदला दबंगई का स्टाइल, नाली और सार्वजनिक रास्ते पर कब्जे का आरोप

टीएनएफ टुडे, करहल।

तहसील क्षेत्र के नगला सदी अमामई गांव में नाली और सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही योगेश पुत्र रामनाथ द्वारा सार्वजनिक नाली को रोककर निर्माण कराया जा रहा है। इससे नाली का पानी बाधित हो गया है और बारिश के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों के मुताबिक गांव में जल निकासी के लिए बनी नाली और सार्वजनिक रास्ता लंबे समय से लोगों के आवागमन का प्रमुख साधन है। आरोप है कि नाली को रोककर निर्माण कार्य किए जाने के कारण रास्ता भी प्रभावित हो रहा है। बारिश होने पर पानी की निकासी बाधित होने से आसपास के घरों



और रास्ते पर जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे ग्रामीणों को आवागमन समेत तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। सोमवार को एक दर्जन से अधिक ग्रामीण एकत्र होकर करहल तहसील मुख्यालय पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए अपनी समस्या अधिकारियों के सामने रखी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी और सार्वजनिक रास्ते व नाली को कब्जामुक्त कराने की मांग की।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तहसील स्तर पर शिकायतों के बावजूद समस्या का प्रभावी समाधान नहीं हो सका है।

उन्होंने संबंधित भूमि और नाली की मौके पर जांच कराकर स्थिति स्पष्ट कराने तथा यदि कब्जा पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक रास्ता और जल निकासी की व्यवस्था बाधित होने से भविष्य में बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मौके पर राजस्व अधिकारियों की टीम भेजकर नाली और सार्वजनिक रास्ते की पैमाइश कराई जाए। साथ ही अवैध निर्माण पाए जाने पर उसे हटाकर जल निकासी और आवागमन की व्यवस्था पूर्व की तरह बहाल कराई जाए।

इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में शारदा देवी, नरेंद्र, बांके बिहारी, चंद्रजीत, रिंकू, धीरज, गौरव, वीरेश कुमार, अमरदीप समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले में जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

## भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग

टीएनएफ टुडे, करहल।

तहसील करहल क्षेत्र के एक ग्रामीण ने अपनी भूमि पर किए जा रहे कथित अवैध कब्जे और निर्माण कार्य को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराकर अपनी जमीन को कब्जामुक्त कराने की गुहार लगाई।

शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी भूमि ग्राम क्षेत्र में स्थित है और संबंधित भूमि उसके नाम दर्ज है। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा उसकी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। भूमि पर निर्माण संबंधी गतिविधियां भी की जा रही हैं, जिसके चलते उसे अपनी संपत्ति पर कब्जा हो जाने की आशंका बनी हुई है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने मौके पर पहुंचकर संबंधित लोगों से भूमि पर निर्माण और कब्जा न करने के लिए कहा, लेकिन आरोप है कि उसकी बात नहीं मानी गई। इसके बाद उसने मामले की जानकारी राजस्व अधिकारियों को



देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ता के मुताबिक, मामले में पहले भी शिकायत की गई, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी, जिसके कारण स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। प्रार्थना पत्र में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि राजस्व विभाग की टीम भेजकर मौके का स्थलीय निरीक्षण कराया जाए और अभिलेखों के आधार पर भूमि की पैमाइश कराई जाए। साथ ही यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो अवैध कब्जा और निर्माण हटवाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए।

शिकायतकर्ता ने प्रशासन से विवाद का शीघ्र निस्तारण कर भविष्य में किसी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने देने तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप, गर्भवती महिला ने सीओ से लगाई गुहार

## मायके में घुसकर मारपीट और तमंचे के बल पर जबरन ले जाने का आरोप, घर में तोड़फोड़ करने की भी शिकायत

टीएनएफ टुडे, करहल।

थाना क्षेत्र के मुहल्ला सराय भटेला निवासी मुस्कान पुत्री सब्बीर ने सोमवार को करहल तहसील मुख्यालय पहुंचकर क्षेत्राधिकारी अजय सिंह चौहान को शिकायती पत्र देकर ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और जबरन घर से ले जाने का प्रयास करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता मुस्कान ने शिकायती पत्र में बताया कि उसके पिता ने मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार उसकी शादी करीब आठ माह पूर्व जिला जालौन निवासी सद्दाम पुत्र वहीद के साथ की थी। शादी के दौरान मायके पक्ष की ओर से अपनी सामर्थ्य के अनुसार नगदी और घरेलू सामान भी दिया गया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति, सास और देवर द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे आए दिन परेशान किया जाने लगा।

पीड़िता के मुताबिक ससुरालीजनों की प्रताड़ना से परेशान होकर वह करीब 15 दिन से अपने मायके में रह रही है। आरोप है कि इसी दौरान उसके पति ने मायके पहुंचकर घर में घुसकर



उसके साथ मारपीट की और जमकर हंगामा किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने घर में तोड़फोड़ कर परिजनों को भी परेशान किया तथा उसके पिता पर तमंचा तानकर उसे जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास किया।

मुस्कान ने बताया कि वह वर्तमान में गर्भवती है। आरोप है कि इसके बावजूद ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर उसका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न कर रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उस पर गर्भावस्था को समाप्त करने का दबाव भी बनाया जा रहा है। घटना के बाद से वह और उसका परिवार भयभीत है।

पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी अजय सिंह चौहान को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने तथा अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं, शिकायत में आरोपी पति के संबंध में अलग-अलग नाम का उल्लेख होने के कारण पुलिस जांच के बाद ही सही नाम व भूमिका स्पष्ट हो सकेगी।

मामले को लेकर क्षेत्राधिकारी अजय सिंह चौहान से शिकायत किए जाने के बाद पीड़िता और उसके परिजनों को कार्रवाई की उम्मीद है। पुलिस द्वारा शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

# पूरी हुई राशन कोटेदारों की आस, नई प्रणाली, लाभांश वृद्धि से उल्लास

## डिजिटल प्रणाली, पारदर्शी आधार जरूरतमंदों को पूरा राशन हर बार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।

उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में रुपए 90 से बढ़ाकर रुपए 125 प्रति कुंतल किए जाने के उपलक्ष्य में तथा सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली के शुभारंभ के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने मा0 सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि, मुख्य विकास अधिकारी ने मा0 विधायक सदर श्रीमती अंजुला सिंह माहौर तथा जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने मा0 जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाह का स्वागत बुके भेंटकर कर किया।



उत्तर प्रदेश के 78 हजार उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि रुपए 90 से बढ़ाकर रुपए 125 प्रति कुन्तल करने तथा सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का शुभारंभ मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी ने लोक भवन सभागार लखनऊ से बटन दबाकर कर किया, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तथा राशन वितरण पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसे मौके पर उपस्थित मा0 जनप्रतिनिधिगणों, अधिकारियों, कर्मचारियों, कोटेदारों ने मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन एवं लघु फिल्म को देखा और सुना।

कार्यक्रम के दौरान मा0 सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने उचित दर विक्रेताओं को अतिरिक्त लाभांश वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी, मा0 मुख्यमंत्री जी एवं मा0 मंत्री जी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा उचित दर विक्रेताओं की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को समझते हुए उनके हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उचित दर विक्रेताओं की ओर से लगातार यह शिकायत सामने आती थी कि वे जितना राशन वितरित करते हैं, उसके अनुपात में उन्हें पर्याप्त मानदेय अथवा लाभांश नहीं मिल पाता। मा0 मुख्यमंत्री जी ने उनकी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए लाभांश में वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि पहले जहां उचित दर विक्रेताओं को निर्धारित लाभांश प्राप्त होता था, वहीं अब इसमें महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। मा0 सांसद जी ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है और उचित दर विक्रेताओं का कार्य केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सेवा भाव से जुड़ा हुआ कार्य है। राशन कार्डधारक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद लोग हैं। उन्होंने उचित दर विक्रेताओं से आग्रह किया कि पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति किसी भी स्थिति में राशन की सुविधा से वंचित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की पहुंच प्रत्येक व्यक्ति तक हर समय संभव नहीं होती, लेकिन उचित दर विक्रेता गांव-गांव में लोगों से सीधे जुड़े रहते हैं। इसलिए उनकी जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनेक कठिनाइयां थीं। कई बार लोगों को राशन लेने के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। ई-पॉस मशीनों के माध्यम से सरकार ने राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। अब उपभोक्ता के प्रमाणीकरण के बाद ही राशन वितरण संभव है, जिससे राशन वितरण में होने वाली अनियमितताओं और लीकेज पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश के करोड़ों जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

# नाग पंचमी: घर-घर हुई नाग देवता की पूजा

- नाग देवता को दूध पिलाने वाली परम्परा का किया गया निर्वहन
- जंगलों, पार्कों में जाकर लोगों ने वामियों में चढ़ाया दूध



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

श्रावण शुक्ल पंचमी के पावन अवसर पर सोमवार को पूरे क्षेत्र में नाग पंचमी का पर्व बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस बार नाग पंचमी और सावन का तीसरा सोमवार एक ही दिन पड़ने से शिवालयों और नाग मंदिरों में भक्तों की भीड़ दोगुनी रही। सुबह से ही घर-घर में नाग देवता के प्रतीक की पूजा हुई और नाग देवता को दूध पिलाने की परम्परा का निर्वहन किया गया।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नागों का विशेष संबंध भगवान शिव से है। समुद्र मंथन के समय जब कालकूट विष निकला था, तो उसे भगवान शिव ने कंठ में धारण किया था और उनके गले में लिपटे वासुकि नाग ने विष की गर्मी को सोख लिया था। तभी से नाग शिव के प्रिय बने। दूसरी कथा महाभारत काल से जुड़ी है। राजा जनमेजय ने अपने पिता परीक्षित की सर्पदंश से मृत्यु का बदला लेने के लिए सर्प यज्ञ किया था। इस यज्ञ को ऋषि आस्तिक ने पंचमी के दिन ही रोका था, जिससे नागों के प्राण बचे। इसलिए इस दिन नागों की पूजा कर उन्हें अभयदान देने की परम्परा शुरू हुई। लोक मान्यता में यह भी कहा जाता है कि एक किसान की हल से नाग के बच्चे मर गए थे, तो नागिन ने बदला लिया। बाद में किसान की बेटी की प्रार्थना से प्रसन्न होकर नागिन ने उसके परिवार को जीवनदान दिया और उसे भाई मान लिया। तभी से बहनें इस दिन नाग को भाई के रूप में पूजती हैं।

### नाग पंचमी की महत्ता और परम्परा

सावन का महीना वर्षा का महीना होता है, इस समय बिलों से सांप निकलकर बाहर आते हैं। हमारे ऋषियों ने इस भय को आस्था से जोड़ दिया ताकि लोग सांपों को मारें नहीं, बल्कि उनकी रक्षा करें और प्रकृति का संतुलन बना रहे। मान्यता है कि इस दिन वामियों में दूध चढ़ाने और नाग देवता की पूजा करने से घर में सर्प भय नहीं रहता,कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है , संतान सुख और परिवार में समृद्धि आती है । इसी महत्ता को लेकर आज सुबह से महिलाओं ने घर की दहलीज पर गोबर और गेरू से नाग-नागिन के चित्र बनाए, उन्हें दूध, लावा, धान, दूब और फूल अर्पित किए। दोपहर होते-होते लोग जंगलों, बागों और पार्कों में स्थित वामियों पर पहुंचे और वहां दूध चढ़ाकर - "नाग देवता की जय" के जयकारे लगाए।

# मजबूत मार्ग पर एक और सड़क, ये कैसा विकास कार्य

- 70 साल पुरानी मजबूत सड़क पर नई सड़क बनाने पर आपत्ति
- सोरों के वार्ड तेईस में सड़क बनवाये जाने पर लोग आक्रोशित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



तीर्थ नगरी सोरों के नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 23, मोहल्ला मढ़ई स्थित होली चौक में नई सड़क बनाए जाने को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध जताया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौक में पहले से करीब 70 साल पुरानी और मजबूत सड़क बनी हुई है। इस सड़क पर हर वर्ष होली दहन भी होता है, इसके बावजूद सड़क आज भी मजबूती से टिकी हुई है। ऐसे में लोगों ने यहां नई सड़क बनाए जाने की आवश्यकता पर सवाल उठाए हैं।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सड़क निर्माण के लिए सड़क पर डाली गई निर्माण सामग्री को तत्काल हटाया जाए और जहां सड़कें वास्तव में जर्जर हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराया जाए। स्थानीय निवासी भाजपा नेत्री डॉ. सांत्वना पाराशर ने कहा कि पंडित यशोधर शास्त्री के नगर पालिका अध्यक्ष कार्यकाल में बनी यह सड़क करीब 70 वर्षों से मजबूती के साथ टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि जहां सड़कों के निर्माण की वास्तविक आवश्यकता है, वहां नगर पालिका को विकास कार्य कराने चाहिए। मजबूत सड़क को तोड़कर नई सड़क बनाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, हमें ऐसा विकास नहीं चाहिए, जिसमें मजबूत सड़क को हटाकर अनावश्यक रूप से नई सड़क बनाई जाए।

बुजुर्ग रामसेवक पाठक ने बताया कि करीब आठ दिनों से निर्माण सामग्री उनके घर के सामने पड़ी हुई है। उनका आरोप है कि इसके कारण नालियां चोक हो गई हैं और आसपास बदबू फैल रही है। निर्माण सामग्री के सड़क पर पड़े रहने से स्थानीय लोगों को आने-जाने में भी परेशानी हो रही है। उन्होंने ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाते हुए निर्माण सामग्री तत्काल हटाने की मांग की।

स्थानीय निवासी अंकुर पाराशर ने भी ठेकेदार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सड़क पर निर्माण सामग्री फैली होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद ठेकेदार की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि होली चौक की पुरानी सड़क अभी भी मजबूत स्थिति में है और यहां नई सड़क की आवश्यकता नहीं है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास कार्यों का वे विरोध नहीं करते, लेकिन विकास कार्य जरूरत के आधार पर होने चाहिए। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराकर सड़क निर्माण की आवश्यकता का पुनर्मूल्यांकन करने, सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री हटाने और स्थानीय लोगों की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# 'वंदे मातरम' के अपमान के विरोध में भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस

- नारेबाजी करके कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध जताया आक्रोश
- कांग्रेस नेताओं से देश से माफी मांगने की अपील



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा 'वंदे मातरम' के कथित अपमान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी, कासगंज द्वारा विरोध स्वरूप मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप प्रतिहार ने संयुक्त रूप से किया।

मशाल जुलूस भाजपा जिला कार्यालय, कासगंज से प्रारंभ होकर अम्बेडकर पार्क, सोरों गेट तक निकाला गया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि राष्ट्रगीत ह्यवंदे मातरम्ह्न का अपमान देश की भावनाओं और संविधान की मूल भावना का अपमान है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को इस विषय पर देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी राष्ट्रविरोधी नीतियों को त्यागकर राष्ट्र और संविधान का सम्मान करना चाहिए।

इस अवसर पर शरद गुप्ता, राजवीर भल्ला, के.पी. सिंह, योगेंद्र चौहान, विजय लक्ष्मी, अनुरोध प्रताप, डॉ. खूब सिंह, आकाश दीप रानू, संजय सोलंकी, डॉ मनोज शर्मा,प्रशांत राजपूत, मोहित तेजधारी, अरविन्द पाण्डेय सहित भाजपा के पदाधिकारी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बुलडोजर पर चढ़ पुलिस-प्रशासन ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

टीएनएफ टुडे, पटियाली। सावन मास के तीसरे सोमवार को सिढ़पुरा में भक्ति, आस्था और सौहार्द का ऐसा अनूठा संगम देखने को मिला, जिसने कांवड़ लेकर गुजर रहे शिवभक्तों के चेहरों पर थकान की जगह उत्साह भर दिया। शिवालयों में जलाभिषेक के लिए जा रहे कांवड़ियों का पुलिस प्रशासन और नगर पंचायत की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। बुलडोजर पर सवार होकर अधिकारियों और कर्मचारियों ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की तो पूरा वातावरण ह्यहर-हर महादेवह्न और ह्यबम-बम भोलेह्न के जयघोष से गूंज उठा। लंबी दूरी तय कर पैदल चल रहे कांवड़ियों पर जैसे ही फूल बरसे, उनके चेहरे खिल उठे। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं को फल, पानी और जलपान सामग्री भी वितरित की गई। कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरे मार्ग पर मुस्तैद रहा। यातायात, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि शिवभक्तों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि सम्मी कपूर गुप्ता, थानाध्यक्ष प्रदीप मलिक, महेश चंद्र दुबे, नवीन तिवारी, पवन गुप्ता, हेड कांस्टेबल शशांक दुबे, कांस्टेबल नीरज सहित पुलिस स्टाफ, नगर पंचायत कर्मचारी और नगरवासी मौजूद रहे।

## जीआरपी ने स्टेशन और ट्रेन में चलाया जागरूकता कार्यक्रम



टीएनएफ टुडे, कासगंज: थाना जीआरपी पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा नारी सशक्तिकरण के क्रम में मिशन शक्ति, जहरखुरानी, आपात सेवायें 112 के सम्बन्ध में रेलवे स्टेशन कासगंज पर महिला यात्रियों को जागरुक किया गया। जागरूकता संबंधी पत्रक भी वितरित किए गए। अभियान के क्रम मे जीआरपी पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण के तहत मिशन शक्ति, जहरखुरानी, आपात सेवायें 112 के सम्बन्ध में रेलवे स्टेशन कासगंज के अन्तर्गत महिला यात्रिगणों को जागरुक किया गया तथा यात्रा के दौरान सतर्क रहने , अजनबी व्यक्ति से खाने पीने की वस्तु ना लेने, संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर निकटतम सुरक्षा कर्मी को सूचित करने के बारे में बताया गया तथा आपात स्थिति में महिला यात्रीगणों को डायल 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हैल्पलाइन सम्बन्धी, 1098 चाइल्ड हैल्पलाइन, 108 एम्बूलेंस सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिये एम्बूलेंस हैल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1930 साइबर हैल्पलाइन, व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी । यात्रियों को बुकलेट आदि वितरित कर जागरुक किया गया ।

## पशुओं के बाड़े में मिला मगरमच्छ, गांव में मचा हड़कंप

टीएनएफ टुडे, कासगंज। अमांपुर क्षेत्र के गांव अशोकपुर में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब पुष्पेंद्र कुमार के पशुओं के बंधने वाले स्थान पर एक मगरमच्छ दिखाई दिया। गांव भरा की भीड़ मौके पर इकट्ठी हो गई। सूचना पुलिस और वन विभाग की दी गई। टीम ने पहुंची मगरमच्छ को पकड़ा है। गांव अशोकपुर निवासी पुष्पेंद्र कुमार जब अपने पशुओं को चारा देने के लिए पहुंचे तो उनकी नजर मगरमच्छ पर पड़ी। मगरमच्छ को देखकर वह घबरा गए और तत्काल गांव के अन्य लोगों को मौके पर बुलाया। पशुओं के पास मगरमच्छ मिलने की सूचना फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और गांव में डर का माहौल बन गया। ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना 112 डायल कर पुलिस प्रशासन को दी गई। पुलिस ने मौके की जानकारी लेने के बाद वन विभाग की टीम को सूचित किया, ताकि मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उचित स्थान पर पहुंचाया जा सके। फिलहाल ग्रामीणों में मगरमच्छ को लेकर दहशत का माहौल है और लोग अपने पशुओं एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मगरमच्छ को जल्द से जल्द रेस्क्यू कराएं जाने की मांग की है।

## इगलास में सांप के काटने से बच्ची की मौत

अलीगढ़। इगलास अन्तर्गत गोरई थाना क्षेत्र के श्यामगढ़ी बकला गांव में सांप के डसने से बच्ची की मौत हो गई। रविवार रात खाना खाने के बाद कमरे में जाते समय सांप ने उसके पैर में डस लिया। बकला गांव निवासी हरेंद्र सिंह की 9 वर्षीय बेटी रिया कुमारी रविवार रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद सोने के लिए कमरे में जा रही थी। जैसे ही उसने कमरे का दरवाजा खोला, कोने में बैठे सांप ने उसके पैर में डस लिया। परिजन तुरंत उसे बायगीर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मायावती सरकारी अस्पताल वृंदावन रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रिया को मृत घोषित कर दिया। रिया चार भाई-बहनों में दूसरी थी। उसके तीन बहनें और एक भाई है। पिता हरेंद्र सिंह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

# श्रावण के तीसरे सोमवार पर श्री चौबे वाले महादेव मंदिर में जलाभिषेक एवं भंडारे का शुभारंभ



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।

श्रावण मास के पावन अवसर पर मा. सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि, मा. विधायक सदर श्रीमती अंजुला सिंह माहौर, मा. जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाह, जिलाधिकारी अतुल वत्स, पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा एवं मुख्य विकास अधिकारी पी.एन. दीक्षित ने श्री चौबे वाले महादेव मंदिर पहुंचकर विधि-विधानपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से सराबोर नजर आया।

सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि, मा. विधायक सदर श्रीमती अंजुला सिंह माहौर एवं मा. जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाह ने जिला प्रशासन के सहयोग से मंदिर परिसर में लगाए गए ऄ्रील्ल महादेव विशाल भंडारा शिविर का श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर शुभारंभ किया। भंडारा शिविर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था की गई, जिसका बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया।

जिलाधिकारी अतुल वत्स ने कहा कि आज श्रावण मास का तीसरा सोमवार है और भगवान महादेव की कृपा पूरे जनपद एवं जनपदवासियों पर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, ताकि सभी श्रद्धालु सुचारू रूप से भगवान महादेव के दर्शन कर सकें।

उन्होंने कांवड़ियों, विशेषकर डाक कांवड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भंडारे का शुभारंभ किया गया है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं।

जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि श्रावण मास में आने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता, अनुशासन एवं आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील की।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेश उर्फ गुड्डू, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद हाथरस, पत्रकार बंधु, श्रद्धालुगण एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वीरेंद्र वार्ष्णेय अध्यक्ष और संभव जैन बने महामंत्री

## लोहा उद्योग एवं व्यापार मंडल का का वार्षिक चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

लोहा उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव शहर के एक होटल में हुआ निर्विरोध हुए चुनाव में अध्यक्ष वीरेंद्र वार्ष्णेय एवं महामंत्री सभंव जैन को बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का लोहा व्यापारियों ने स्वागत किया।।




अन्य पदाधिकारियों में कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल उपाध्यक्ष मोनू अग्रवाल हिमांशु बंसल को चुना गया चुनाव अधिकारी श विनय कुमार जैन संरक्षक मंडल सुनील माहेश्वरी जयप्रकाश अग्रवाल गिरीश चंद्र अग्रवाल राजीव अग्रवाल संजीव अग्रवाल अनिल अग्रवाल टीटू सदस्य शान्तुंन चौधरी ,मयंक जैन, दिनेश गर्ग दीपू, मोनू अग्रवाल मंगलम ,जयंत बिंदल मनोज सिंघल सुनील अग्रवाल अनूप अग्रवाल सचिन जैन विकास अग्रवाल मनीष अग्रवाल सौरव अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल गौरव अग्रवाल विपिन अग्रवाल बिडला जी गुड्डु अग्रवाल आशीष अग्रवाल बूटा सिंह अंकित जैन अनिल जैन नीरज अग्रवाल मनोज माहेश्वरी अंकुर अग्रवाल गौरव जैन शंभू अग्रवाल गुल्लू पलतानी सुमन बिहारी अनुपम बुग्गी लेखा निरीक्षक राजीव जैन टाटा वाले अधीर अग्रवाल भोमिया जैन विशू अग्रवाल संजय अग्रवाल कार्यक्रम संचालक राजीव जैन ने किया एंव आदि सदस्य उपस्थित रहे चुनावी मीटिंग में सर्वसम्मति से कुछ नए प्रस्ताव पास हुए ।

# सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ी आस्था



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

शहर और कस्बों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में शिव भक्तों की कतार लगी। श्रद्धालुओं ने भगवान का जलाभिषेक किया। पूजा अर्चना मनौती मांगी। बमबम भोले के स्वर गुंजायमान हुए।

शहर के भत्तेश्वर मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, शिवालय मंदिर, शिव मंदिर, भोले नाथ मंदिर साहित अन्य मंदिरों में भगवान शिव की पूजा की श्रद्धालु पहुंचे भगवान को फल, फूल, बेलपत्र, मिष्ठान, अर्पित किया।अमांपुर कस्बा के प्रचीन शिव मंदिर पर सावन माह के तीसरे सोमवार को भोलेनाथ को रिझाने के लिए शिवालयों में भोर से ही भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने माथा टेककर भोलेनाथ से सुख शांति की कामना की। शिवभक्तों ने भारी उत्साह के साथ भगवान शिव का पूजन कर अभिषेक किया। प्रात :काल से ही हर महादेव, बम बम भोल और जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालु बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, मेवा, फल आदि लेकर मंदिरों में पहुंचे और भगवान शिव को अर्पित किए। हर हर महादेव के जयघोष से मंदिर प्रांगण गूंजते रहे। श्रद्धालु शिव चालीसा, महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते नजर आए। भोलेनाथ के भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक भी किया।

# इगलास में असम की अज्ञात महिला की हत्या का खुलासा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

थाना इगलास क्षेत्र में गत 11 अगस्त को बड़ा खुर्द के जंगल में स्थित नवनिर्मित गौशाला के पास मिले अज्ञात महिला के शव की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतका के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी ने शादी को लेकर हुए विवाद के कारण हत्या की थी। जिस ईट से महिला का सिर कुचला गया था। आरोपी को राया से गिरफ्तार किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौंन अलीगढ़ ने मौके का निरीक्षण किया था और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमों का गठन किया था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ थाना इगलास में केस दर्ज किया था।

घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीमों ने आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला और तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली। गहन छानबीन के बाद मृतका की पहचान मोना के रूप में हुई, जो मूल रूप से असम राज्य की रहने वाली थी। विवेचना के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी की पहचान विकास पुत्र निहाल सिंह निवासी ग्राम बना, थाना राया, जनपद मथुरा के रूप में की। इसके बाद संयुक्त पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी विकास को मथुरा जिले के राया थाना क्षेत्र से दबोच लिया। मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने बताया कि मृतका मोना और उसके बीच लंबे समय से दोस्ती थी। पिछले कुछ समय से दोनों के बीच शादी को लेकर मतभेद चल रहा था। इसी बात से नाराज होकर उसने महिला की हत्या कर दी और शव को एक सुनसान जगह पर फेंक कर फरार हो गया था। एसएसपी नीरज कुमार ने बताया कि आरोपी का मृतक महिला के साथ प्रेम संबंध था।

# सोनल-डिकवेला ने श्रीलंका को फॉलोऑन से बचाया

## भारत को मिली मजबूत बढ़त; सुथार-जडेजा ने दिखाया दम

एजेंसी, गॉल।

भारत ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन बढ़त ले ली है। श्रीलंका की पारी को सोनल दिनुषा और निरोशन डिकवेला ने संभाला जिन्होंने छठे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। लेकिन भारतीय गेंदबाज श्रीलंका को पहली पारी ऑलआउट करने में सफल रहे।

सोनल दिनुषा और निरोशन डिकवेला ने तीसरे दिन श्रीलंका को फॉलोऑन से बचा लिया, लेकिन भारतीय टीम मजबूत बढ़त लेने में सफल रही। भारत ने पहली पारी में 462 रन बनाए और दिन का खेल खत्म होने से ठीक पहले श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर ऑलआउट कर 178 रन की बढ़त ले ली। श्रीलंका के ऑलआउट होते ही बारिश के कारण तीसरे दिन का खेल जल्द समाप्त किया गया। अब चौथे दिन भारत दूसरी पारी खेलने उतरेगा और उसकी नजरें बढ़त को और मजबूत करने पर टिकी होंगी।

**भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका की पारी लड़खड़ाई**

पहली पारी समाप्त होने के बाद बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। श्रीलंका को ठोस शुरूआत की जरूरत थी लेकिन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने पारी की दूसरी ही गेंद पर ही उसे पहला झटका दे दिया। निशान फर्नांडो (00) सिराज की स्विंग लेकर बाहर की ओर जाती गेंद को नहीं समझ पाए और उन्होंने पहली स्लिप में खड़े देवदत्त पडिक्कल को कैच दे दिया। इससे श्रीलंका की टीम दबाव में आ गई जिसका भारतीय स्पिनरों ने पूरा फायदा उठाया। सुथार ने अपनी शानदार फ्लाइट, डिप और टर्न से बल्लेबाजों को खासा परेशान किया। उन्होंने अपनी पहली ही गेंद पर कमाल दिखाया जब उनकी गेंद अनुभवी दिनेश चांदीमल (04) के बल्ले का हल्का सा किनारा लेकर ऋषभ पंत के सुरक्षित हाथों में चली गई।

लाहिरू उदरा (27) और कामिंदु मेंडिस (14) सहज नजर आ रहे थे। मेंडिस ने तो प्रसिद्ध कृष्णा पर पुल शॉट से छक्का भी जड़ा। उदरा ने भी सुथार की गेंदों पर कुछ चौके जड़े। लेकिन आखिर में सुथार ने तेजी से टर्न लेती गेंद पर उदरा को गली में खड़े यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच करा दिया।

मेंडिस खुद को थोड़ा बदकिस्मत मानेंगे क्योंकि कुलदीप यादव की गेंद पर लगाया गया उनके ऊंचे शॉट को शुभमन गिल ने डाइव लगाकर कैच में बदल दिया। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा (21) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। धनंजय ने स्लिप में खड़े केएल राहुल को कैच दिया।



### डिकवेला-सोनल की दमदार साझेदारी

लगातार झटकों के बाद सोनल दिनुशा और निरोशन डिकवेला ने श्रीलंकाई पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की और दूसरे सत्र में भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। श्रीलंका ने एक समय 90 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन सोनल और डिकवेला ने शानदार साझेदारी कर भारत को विकेट के लिए तरसा दिया और चायकाल तक भारत को और सफलता हासिल नहीं करने दी। चाय ब्रेक के बाद आखिरकार प्रसिद्ध कृष्णा निरोशन डिकवेला और सोनल दिनुषा की साझेदारी को तोड़ने में कामयाब रहे। प्रसिद्ध कृष्णा ने डिकवेला को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। डिकवेला ने 115 गेंद में सात चौके की मदद से 80 रन की पारी खेली। उन्होंने सोनल के साथ छठे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी निभाई।

### सोनल का शतक

डिकवेला और सोनल की साझेदारी टूटने के बाद भारत ने एक बार फिर मैच में पकड़ मजबूत की। रवींद्र जडेजा ने केशारा नुवांथा को गिल के हाथों कैच कराया और श्रीलंका को सातवां झटका दिया। श्रीलंका को आठवां झटका प्रभात जयसूर्या के रूप में लगा। प्रभात को मानव ने जुरेल के हाथों कैच कराया। वह 10 रन बना सके। श्रीलंका के लिए राहत की बात यह रही कि वह फॉलोऑन बचाने में सफल रहा। उसे इसके लिए 263 रन बनाने थे। इस बीच, सोनल दिनुषा ने 167 गेंद में शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का पहला शतक रहा। हालांकि, वह शतक लगाते ही आउट हो गए। सोनल ने 168 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 100 रन बनाए। वह श्रीलंका के नौवें विकेट के रूप में पवेलियन लौटे। सोनल ने करीब साढ़े चार घंटे बल्लेबाजी की। भारत के लिए पहली पारी में मानव सुथार ने चार विकेट लिए, जबकि जडेजा को तीन विकेट मिले। वहीं, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।

### हैरी ब्रूक ने किया जो रूट को टेस्ट कप्तान बनाने का समर्थन, बोले-

# ‘मैं उनका पूरा साथ दूंगा’

एजेंसी, लंदन।

बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के जाने के बाद इंग्लैंड एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। ऐसे में हैरी ब्रूक ने टेस्ट टीम के नए कप्तान के तौर पर जो रूट की वापसी का समर्थन किया है। इंग्लैंड 19 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान का सामना करने के लिए तैयार है और रूट फिर से कप्तानी संभालते नजर आएंगे।

स्टोक्स के संन्यास के समय टेस्ट में उपकप्तान की भूमिका निभा रहे हैरी ब्रूक ने रूट को फिर से कप्तान बनाने और वेलिंगटन में नाइट क्लब की घटना के कारण टेस्ट टीम की कप्तानी गंवाने की संभावना पर बात की।


ब्रूक ने कहा, सच कहूं तो मुझे नहीं पता। मैं इसे उस नजरिए से नहीं देखता। रूट को कप्तान बनाने का फैसला सही है। मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि वह क्या कर सकते हैं। वह निश्चित रूप से इस काम को संभालने के लिए सही व्यक्ति हैं। मैं उनके साथ काम करने के लिए बहुत उत्सुक हूं।




### सफेद गेंद प्रारूप के कप्तान हैं ब्रूक

ब्रूक इंग्लिश टीम के सफेद गेंद प्रारूप के कप्तान हैं और 2022 में टेस्ट डेब्यू करने के बाद से उन्होंने इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के दौरों पर उनका शानदार प्रदर्शन रहा, जहां टेस्ट में उनका औसत क्रमशः 84.10 और 75.44 रहा। हालांकि, अक्तूबर 2025 में नाइट क्लब में एक बाउंसर के साथ हुई हाथापाई के कारण उन्हें मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा। उन्होंने कहा, यह एक मुश्किल दौर था, खासकर जब मैं घर पर था और मीडिया का सामना करने की तैयारी कर रहा था। मुझे लगता है कि उस दौरान मैंने जो जज्बा दिखाया, मैदान पर जाकर अच्छा प्रदर्शन करना और सफेद गेंद टीम की अच्छी तरह से कप्तानी करना। उसके लिए मुझे खुद पर और टीम पर गर्व है। मैं यह नहीं कहना चाहता कि इससे मुझे मदद मिली, लेकिन इसने मुझे अहसास कराया कि इंग्लैंड का कप्तान होना कितनी बड़ी बात है। यह सिर्फ मैदान पर नेतृत्व करने के बारे में नहीं है। अगर आप मैदान के बाहर भी जिम्मेदारी के साथ नेतृत्व कर सकते हैं, तो इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ता है।

ब्रूक पर ईसीबी ने जुमार्ना लगाया और चेतावनी दी, लेकिन घटना के बावजूद उनकी कप्तानी बनी रही। उन्होंने टी20 विश्व कप 2026 में टीम की कप्तानी की, जहां वे अपनी टीम को सेमीफाइनल तक ले गए और वानखेड़े में चैंपियन बनी भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज ब्रूक के लिए अच्छी नहीं रही, जिसमें इंग्लैंड को 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने 10 पारियों में 39.78 की औसत से 358 रन बनाए, जो उम्मीद के मुताबिक नहीं थे। कुछ शॉट सिलेक्शन की वजह से उनकी आलोचना हुई, जिससे इंग्लिश फैंस काफी निराश हुए।



# मनोरंजन



# ‘मेरे विवाद के चलते पापा की नौकरी गई’, रिया चक्रवर्ती का बड़ा खुलासा


बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। लेकिन रिया चक्रवर्ती की जिंदगी साल 2020 में पूरी तरह बदल गई थी। उनके बॉयफ्रेंड और एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद रिया का नाम लगातार चर्चा में रहा। इस मामले में उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हाल ही में उइक की क्लोजर रिपोर्ट में रिया को सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में किसी भी गलत काम में शामिल नहीं पाया गया। ऐसे में इस मामले में रिया चक्रवर्ती को बड़ी राहत मिली है।

वहीं हाल ही में रिया चक्रवर्ती ने फराह खान के यूट्यूब व्लॉग में उस मुश्किल समय को याद किया। उन्होंने बताया कि इस पूरे विवाद का असर उनके परिवार पर भी पड़ा था। रिया चक्रवर्ती ने अपने पिता इंद्रजीत चक्रवर्ती के बारे में बताया कि वह रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर हैं। रिया के मुताबिक, उनके पिता को एक बड़े अस्पताल में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट की नौकरी मिलने वाली थी, लेकिन अस्पताल के लोगों को जब पता चला कि वह रिया चक्रवर्ती के पिता हैं, तो उन्हें नौकरी नहीं दी गई।

### रिया चक्रवर्ती का छलका दर्द

रिया चक्रवर्ती ने कहा कि उनके परिवार को उनके नाम की वजह से काफी कुछ सहना पड़ा। उन्होंने बताया कि सुशांत की मौत के बाद उन्हें लोगों की बातें, सोशल मीडिया पर आलोचना और जेल जाने जैसी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस पूरे दौर का उनकी जिंदगी पर गहरा असर पड़ा। रिया ने पहले भी कई बार बताया है कि उस समय से बाहर निकलना उनके लिए आसान नहीं था। अब रिया चक्रवर्ती अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने की कोशिश कर रही हैं। वह फिलहाल रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स 2' का हिस्सा हैं। शो में हाल ही में उनका मलाइका शेरावत के साथ विवाद भी देखने को मिला। दरअसल, रिया ने मुनव्वर फारुकी का बचाव किया था। इसके बाद मलाइका ने रिया के जेल में बिताए समय को लेकर टिप्पणी कर दी, जिस पर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। रिया ने कहा कि मलाइका की बात उन्हें काफी पर्सनल लगी। इस सीजन में रिया के अलावा आदित्य कुलश्रेष्ठ, अभिषेक मल्हान और क्रिस्टल डिसूजा जैसे कई सितारे भी नजर आ रहे हैं। अब रिया अपने पुराने दौर को पीछे छोड़कर करियर पर फोकस कर रही हैं और 'द ट्रेटर्स 2' में भी लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं।





# 'इसमें कुछ गलत नहीं'; गोविंदा के सपोर्ट में आईं सोमी अली

गोविंदा इन दिनों पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों वजहों से सुर्खियों में हैं। एक तरफ वे फिल्म 'रूपा' के जरिए कमबैक को लेकर चर्चा में हैं। दूसरी तरफ इस फिल्म की एक्ट्रेस कोमल रानी स्वर्णकार के साथ उनके लिंकअप की अफवाहें जोर पकड़ रही हैं। दोनों की उम्र के बीच के अंतर को लेकर भी तरह-तरह की बातें हो रही हैं। इस बीच अभिनेत्री सोमी अली ने अपना रिएक्शन दिया है।

सोमी और गोविंदा को लेकर सुनीता ने किया था तंज

गोविंदा और कोमल रानी को बीते दिनों फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में बीते दिनों एयरपोर्ट पर साथ देखा गया। इस पर गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने रिएक्शन दिया। उन्होंने रूपा के साथ गोविंदा को देखे जाने के बाद कहा था, 'ये बिना फिल्म के ही प्रमोशन कर रहे हैं। क्या बोला जाए। बेटी की उमर की लड़की को ले लेकर घूम रहा है। शर्म तो आनी चाहिए। कोई स्टैंडर्ड तो होना चाहिए'।

### बचाव में आईं सोमी अली, साझा किया पोस्ट

गोविंदा और रूपा के साथ काम करने और उम्र के अंतर को लेकर चल रहीं आलोचनाओं पर सोमी अली ने गोविंदा का बचाव किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'मैं यहां अपनी बात रखना चाहती हूं, क्योंकि कोई और ऐसा नहीं करेगा और जरूरत पड़ने पर मैं अपना सपोर्ट जरूर दिखाऊंगी। मैं गोविंदा को निजी और प्रोफेशनल, दोनों तरह से जानती हूं, इसलिए मैं उनके बारे में दोनों नजरियों से कुछ बातें कह सकती हूं'।

### सोमी अली ने क्या कहा?

बता दें कि सोमी अली और गोविंदा कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुके हैं। गोविंदा के साथ उन्होंने 'आंदोलन' और 'अग्निचक्र' जैसी फिल्में की हैं। अपने पोस्ट के साथ सोमी अली ने गोविंदा के साथ की कुछ फोटोज भी शेयर की हैं। सोमी अली ने अभिनेता को लेकर कहा, 'चीची' हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन टैलेंट में से एक हैं और इंडस्ट्री में मेरे समय के दौरान मिले सबसे विनम्र अभिनेताओं में से एक हैं'।

सोमी ने कहा, 'मैं चीची और सुनीता, दोनों का बहुत सम्मान करती हूं'। 'मगर, किसी अभिनेता का कम उम्र की अभिनेत्री के साथ रोल स्वीकार करने में उम्र से जुड़ी कोई गलत बात नहीं है'। 'टैलेंट की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती। ऐसे समय में जब काम मिलना मुश्किल हो सकता है, काम करते रहने का फैसला सम्मान के लायक है, मजाक उड़ाने लायक नहीं'।


# सिर्फ चार दिनों में इमरान की सबसे कमाऊ फिल्म बनी 'आवारापन 2'

इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन' साल 2007 में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर यह औंधे मुंह गिरी थी। हालांकि, फिल्म का म्यूजिक खूब हिट रहा। और...बाद में यह फिल्म भी कल्ट क्लासिक बन गई। 14 अगस्त को इस फिल्म का सीक्वल 'आवारापन 2' रिलीज हुई। सावन के महीने में रिलीज हुई यह फिल्म इमरान हाशमी के लिए बढ़िया शगुन लेकर आई है।

### बॉक्स ऑफिस पर 'बंटवारा 1947' को पीछे छोड़ा

'आवारापन 2' का बॉक्स ऑफिस पर टकराव सनी देओल की 'बंटवारा 1947' से हुआ है। मगर, ओपनिंग डे से ही इमरान की फिल्म रेस में आगे चल रही है। 'आवारापन 2' ने ओपनिंग डे पर डबल डिजिट में कमाई करते हुए 22 करोड़ रुपये जुटाए थे। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी दूसरे दिन कलेक्शन 33.75 करोड़ रुपये रहा। रविवार को इस फिल्म ने 26 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म का तीन दिनों का टोटल इंडिया नेट कलेक्शन 81.75 करोड़ रुपये हो चुका है।

वहीं, 'आवारापन 2' का चार दिनों का ग्रॉस कलेक्शन 100.15 करोड़ रुपये हो चुका है। 100 करोड़ रुपये हुआ वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस इमरान हाशमी की फिल्म वर्ल्डवाइड भी धुआं उड़ा रही है। सैकनिल्क पर प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 110.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म को जिस हिसाब से प्यार मिल रहा है, जल्द ही यह भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 100 करोड़ी हो जाएगी। इमरान हाशमी के करियर की यह पहली 100 करोड़ी फिल्म होगी। अब तक इमरान की जिन फिल्मों ने 100 करोड़ क्लब में एंट्री ली है, उनमें वे सेकंड हीरो के रूप में रहे हैं।




### इमरान की इन फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ा

अब तक इमरान हाशमी की सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्मों में 'द डर्टी पिक्चर' का नाम शामिल था। मगर 'आवारापन 2' ने तीन दिनों की कमाई से ही इसके लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। इमरान की टॉप 5 में 'द डर्टी पिक्चर' के अलावा 'बादशाहो', 'राज 3; 'वन्स अपॉन ए टाईम इन मुम्बई', 'मर्डर 2' और 'जन्नत 2' भी शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि 'आवारापन 2' इन मायनो में भी खास है कि यह पूरी तरह से इमरान के कंधों पर है। 'द डर्टी पिक्चर' में विद्या बालन की शानदार अदाकारी है। वहीं, 'वन्स अपॉन ए टाईम इन मुम्बई' में अजय देवगन हैं।



# 'खतरों के खिलाड़ी 15' में खत्म हुआ अविका गौर का खेल

'खतरों के खिलाड़ी 15' के हालिया एपिसोड में अविका गौर का मुकाबला ओरी से हुआ। एक भूताहा और खजाने खोजने वाली प्रतियोगिता को ओरी ने लगभग 10 मिनट में पूरा कर दिया। जबकि अविका को यही काम करने में 13 मिनट का समय लगा। इसी वजह से वह शो से बाहर हो गईं।

### शो से बाहर होकर दुखी हैं अविका?

'खतरों के खिलाड़ी' में अविका दूसरी बार शामिल हुई हैं। इससे पहले उन्होंने 2019 के शो में हिस्सा लिया था। सोमवार को अविका गौर ने 'खतरों के खिलाड़ी 15' से जुड़ी अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। साथ ही इंस्टाग्राम पोस्ट में टूटे हुए दिल वाला इमोजी लगाया।

### शो को क्यों अविका ने चुनौतीपूर्ण बताया?

एएनआई से बातचीत करते हुए अविका गौर ने कहा, ''वैसे भी यह कोई आसान शो नहीं है। यह बहुत चुनौतीपूर्ण है। लेकिन मेरे लिए, मेरा पिछला सीजन कहीं ज्यादा मुश्किल था। उस सीजन में मैंने जो स्टंट दिए गए थे, वह मेरे लिए ज्यादा डरावने थे।''

वह आगे कहती हैं, ''अभी जो स्टंट मैं कर रही थी, उनसे मुझे इतना डर नहीं लगा। जब मैं दूसरों को परफॉर्म करते हुए देख रही थी, तो मैं सच में बहुत इमोशनल हो जाती थी क्योंकि कई स्टंट ऐसे थे जिनमें बहुत से लोग या तो घायल हो रहे थे या भावनात्मक रूप से टूट रहे थे। उन सब चीजों को देखना बिल्कुल भी आसान नहीं था।''